
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 14 अंक - 358 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### आधी रात को कलेक्टर पहुंचे धनपुंजी नाका, वाहनों की सघन जांच के लिए निर्देश

**जगदलपुर।** जगदलपुर कलेक्टर विजय दयाराम के सोमवार की रात्रि 12 बजे बस्तर जिले के (छत्तीसगढ़-ओडिशा राज्य की) सीमावर्ती धनपुंजी नाका पहुंच कर तैनात वाहन जांच दल की कार्रवाई का अवलोकन किया। उन्होंने वाहनों की सघन जांचकर करने के निर्देश दिए। साथ ही गुजरने वाले सभी वाहन चालक का नाम, पता, संपर्क नंबर को पंजी में संधारित करते हुए, कहां से आ रहे है और कहां जाना है का पूरा विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के साथ पहुंचे पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा ने अधिकारियों को देवड़ा मंदिर मार्ग का भी औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत जिले की सभी चाक-चौबंद की जांच करने के लिए कलेक्टर विजय और एसपी मीणा सोमवार की रात शहर के सभी प्रमुख जगहों और पहुंच मार्गों पर तैनात दलों का निरीक्षण में निकले थे। जिले के दोनों वरिष्ठ अधिकारी ने सभी पहुंच मार्गों में बनाए गए जांच स्थलों का निरीक्षण कर सभी वाहनों की सघन जांच पड़ताल करने के निर्देश ड्यूटी में लगे अधिकारी और जवानों को दिए। उन्होंने गुड्स के आने वाले सामानों और मालवाहक वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए।

### भाजपा सांसद ने कांग्रेस और एआईएमआईएम पर लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और करीमनगर के सांसद बंदी संजय कुमार ने मंगलवार को कांग्रेस और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पर फ्लस्तीन की आतंकी संगठन हमास का समर्थन करने का आरोप लगाया है। हमास ने शनिवार को इस्राइल पर लगातार हवाई हमलों की झड़ी लगा दी, जिसमें 900 के करीब लोगों की मौत हो गई तो वहीं लगभग 1200 घायल हुए हैं। सैकड़ों इस्राइली नागरिकों को हमास ने बंधक बना रखा है, जिनमें ज्यादातर महिलाए शामिल हैं। भाजपा नेता संजय कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'हमास का समर्थन करके कांग्रेस और एआईएमआईएम दोनों आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि भारत को यूपीए शासन के दौरान सबसे खराब आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा था।' उन्होंने आगे कहा कि एआईएमआईएम और कांग्रेस हमेशा पीएफआई, हमास और रोहिंग्या की तरफरहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भारत के लिए श्रीराम रक्षा है।

### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस, अवैध रोहिंग्यायों को हिरासत में रखे जाने पर मांगा जवाब


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई की मांग वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है। दरअसल, याचिका में कथित तौर पर देश भर की जेलों या किशोर गृहों में अवैध रूप से और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई की मांग की है। इस पर शीर्ष अदालत ने केंद्र को नोटिस जारी किया। अदालत ने केंद्र से चार हफ्ते के भीतर याचिका पर हलफनामा दाखिल करने को कहा है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 31 अक्तूबर को सुनवाई तय की है। बता दें, यह योजना राजनीतिक दलों को गुमनाम फंडिंग की अनुमति देती है।

# मोदीजी, अब छत्तीसगढ़ न आएं...चाल, चरित्र और चेहरा कलंकित हो गया है

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई। मोदीजी... अब आप छत्तीसगढ़ न आएं। अपनी ऊर्जा को इजराइल युद्ध में लगाएं, क्योंकि छत्तीसगढ़ में अब भाजपा नहीं आ सकती। यहां चाल, चरित्र और चेहरा कलंकित हो चुका है......।**

संघ से लम्बे समय से जुड़े और भाजपा के जमीनी माने जाने वाले भिलाई के एक सीनियर कार्यकर्ता ने यह पोस्ट सोशल मीडिया पर की। दरअसल, कार्यकर्ताओं का यह दर्द तब छलका, जब भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की। भाजपाइयों का तो इस सूची को देखकर नाराजगी जाहिर करना समझ में आता है, लेकिन कांग्रेस के लोग भी गदगद है। चुनावी कवायद शुरू होने के बाद कांग्रेस ने अबकी बार 75 पार का नारा दिया था। न केवल कांग्रेस, अपितु भाजपा के कार्यकर्ताओं को भी यह नारा सच होता दिख रहा है। वह भी तब, जबकि कांग्रेस ने अब तक अपने पत्ते भी नहीं खोले हैं। सोशल मीडिया में आई उक्त प्रतिक्रिया भी इसी का प्रतिफल है।


Deep Chatterjee
46 m ·

वन्दनीय मोदीजी,

क्षमा सहित आपसे विनम्र निवेदन है कि अब आप अपने छत्तीसगढ़ के चुनावी दौरों को 2024 तक स्थगित कर दें।

क्योंकि आपका मन खराब होगा, थकान बढ़ेगी, पार्टी का पैसा नष्ट होगा। अब तो आप अपनी पूरी ऊर्जा इसराइल के युद्ध में त्राहि-त्राहि होते परिस्थितियों पर लगा दीजिए। छत्तीसगढ़ में अब भाजपा नहीं आ सकती !! आप चाहें तो राजस्थान और मध्यप्रदेश पर ध्यान दे सकते हैं। वहां सम्भावना है यहां तो आप को अंधेरे में रखा गया है। यहां चाल चरित्र चेहरा कलंकित हो चुका है।

मेरे समान कई सच्चे व अच्छे कार्यकर्ता 2024 में आपको विजयश्री दिलाते हुए भारत की महिमा बढ़ाएंगे। कृपया छत्तीसगढ़ न आएं।

वंदे मातरम।

Narendra Modi

भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होने के बाद जहां कांग्रेसियों की बाँछें खिली हुई है, वहीं भाजपाइयों में टिकट वितरण को लेकर खासा असंतोष देखने को मिल रहा है। पार्टी के नेताओं का साफ कहना है कि जिन उम्मीदवारों पर दाँव लगाया गया है, उनके भरोसे जीत हासिल करना कतई संभव नहीं है। अब तक पार्टी के कार्यकर्ता यह मानकर चल रहे थे कि 5 साल बाद सत्ता में वापसी करेंगे, लेकिन अब उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। इसकी सोशल मीडिया पर गम्भीर प्रक्रियाएं भी सामने आ रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि जिताऊ उम्मीदवारों की अनदेखी कर मनमर्जी से टिकट वितरण किया गया है। गौरतलब है कि इस बार के टिकट वितरण में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की पसंद को तवज्जो दिए जाने की बातें कही जा रही है।

भाजपा के टिकट वितरण को जमीनी कार्यकर्ता हजम नहीं कर पा रहे हैं। अगस्त महीने में पार्टी ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। तब भी कार्यकर्ता सहज नहीं थे। इस बार कुल 64 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है, जिस पर जमीनी कार्यकर्ता खुलकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। उनका साफ कहना है कि जिन चेहरों पर दाँव लगाया गया हैं, उनके जरिए सरकार बनाना संभव नहीं है। आरएसएस से लम्बे समय से जुड़े और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दीप चटर्जी ने तो सोशल प्लेटफार्म फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम खुला पर संक्षिप्त पत्र ही लिख डाला है। पेशे से चिकित्सक डॉ. दीप चटर्जी के इस पत्र में उनकी भावनाएं बिलकुल साफ तौर पर उजागर होती है। अपने पोस्ट में वे पीएम मोदी से कहते हैं,- क्षमा सहित आपसे विनम्र निवेदन है कि अब आप अपने छत्तीसगढ़ के चुनावी दौरों को 2024 तक स्थगित कर दें। क्योंकि आपका मन खराब होगा, थकान बढ़ेगी। पार्टी का पैसा नष्ट होगा। अब तो आप अपनी पूरी ऊर्जा इसराइल के युद्ध में त्राहि-त्राहि होती परिस्थितियों पर लगा दीजिए। छत्तीसगढ़ में अब भाजपा नहीं आ सकती। आप चाहें तो राजस्थान और मध्यप्रदेश पर ध्यान दे सकते हैं। वहां सम्भावना है। यहां तो आपको अंधेरे में रखा गया है। यहां चाल, चरित्र और चेहरा कलंकित हो चुका है। अपनी पोस्ट में दीप चटर्जी आगे कहते हैं,- मेरे समान कई सच्चे व अच्छे कार्यकर्ता 2024 में आपको विजयश्री दिलाते हुए भारत की महिमा बढ़ाएंगे। कृपया छत्तीसगढ़ न आएं। वंदेमातरम्।

### सोशल मीडिया पोस्ट में दिखा भाजपा के आम कार्यकर्ता का दर्द


सोशल मीडिया में की गई इस पोस्ट को भाजपा के आम कार्यकर्ताओं का दर्द माना जा सकता है। डॉ. चटर्जी ने 2018 के चुनाव में पहली बार वैशाली नगर क्षेत्र से टिकट की दावेदारी की थी। वे इस बार भी दावेदार थे। पार्टी ने संकेत दिया था कि संघ पृष्ठभूमि वालों को इस बार टिकट में वरीयता दी जाएगी। संभवतः डॉ. चटर्जी इसी के चलते आशान्वित भी थे। लेकिन उनकी उम्मीदों पर तुषारापात हो गया। दूसरी सूची जारी के बाद कार्यकर्ता उद्वेलित हैं। लेकिन पार्टी का अनुशासन उन्हें चुप रहने को मजबूर कर रहा है। लेकिन इन हालातों ने पार्टी के लिए गम्भीर खतरे जरूर पैदा कर दिए हैं। कार्यकर्ताओं का नाराज होना कतई शुभ नहीं माना जा सकता। नए और युवा चेहरों के नाम पर भाजपा ने जो दाँव खेला है, उसके उल्टा पड़ने का संभावनाएं बढ़ गई है। कार्यकर्ताओं का घर बैठना, भीतरघात या खुलाघात करना जैसे खतरे अपनी जगह बरकरार है।

## महादेव सट्टा एप का बालीवुड कनेक्शन, ईडी ने पूछताछ के लिए 30 से अधिक सितारों को भेजा समन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आनलाइन महादेव सट्टा एप को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रडार पर बालीवुड के 30 से अधिक स्टार कलाकार आ चुके हैं। ईडी ने अभिनेता रणबीर कपूर, अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, कामेडियन कपिल शर्मा, अभिनेत्री हुमा कुरैशी, हिना खान समेत टेलीविजन और साउथ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कलाकारों को समन देकर रायपुर कार्यालय में बुलाया है।

इनमें से रणबीर कपूर को पांच अक्टूबर को रायपुर बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने ईमेल भेजकर रायपुर आने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इन सभी कलाकारों पर आरोप है कि इन्होंने सितंबर 2022 और इस साल फरवरी में दुबई में महादेव सट्टा एप के संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के दो कार्यक्रमों में भाग लिया था। इसके एवज में इन्होंने हवाला के माध्यम से पैसा लिया था। यह पैसे उन्हें मुंबई में दिए गए थे।




### ईडी ने पूछताछ के लिए 30 से अधिक स्टार को भेजा समन

बालीवुड स्टार से सितंबर 2022 में दुबई के एक होटल में आयोजित इवेंट में शामिल होने के बदले उन्हें दिए गए कथित भुगतान के बारे में ईडी के अधिकारी पूछताछ कर उनके बयान दर्ज भी दर्ज करेंगे। यहीं नहीं एक-एक बयानों की तस्दीक भी की जायेगी कि आखिर इसमें कितनी सच्चाई है।अगर बयान में किसी तरह का अंतर पाया जाता है तो उन फिल्म अभिनेताओं पर शिकंजा कसेगा।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोले-बीजेपी की लेबोरेटरी में मरे लोगों का इलाज होता है

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी जन आक्रोश यात्रा का समापन करने कुछ देर बाद ब्यौहारी पहुंच चुके हैं। शहडोल कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आदिवासी टोपी पहनकर स्वागत किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोले- गर्मी में आप आए इसके लिए मैं आपका दिल से धन्यवाद करता हूं। आडवाणी जी ने अपनी किताब में लिखा था कि आरएसएस और बीजेपी की सच्ची लैबोरेट्री सच्चा कारखाना गुजरात में नहीं, मगर मध्य प्रदेश में है। यह उनका कहना था बीजेपी की



लेबोरेटरी में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है और उनका पैसा चोरी किया जाता है हिंदुस्तान की किसी और प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं होता यहां ऐसा होता है।

राहुल गांधी बोले- जहां देखो वहां निजीकरण किया जा रहा है। बीजेपी के नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं यह मतलब था आड़वाणी जी का। जब उन्होंने कहा था कि मध्य प्रदेश में आरएसएस और बीजेपी की लेबोरेटरी बनेगी वह करके दिखाया गया। आदिवासी का मतलब हिंदुस्तान के वासी। जो यहां पहले आए थे। आदिवासी का मतलब जो पहले हिंदुस्तान आया। पहले जो लोग यहां रहते थे जो जमीन के मालिक थे हम उनको आदिवासी कहते हैं। बीजेपी के नेता आदिवासियों पर पेशाब करते हैं।

## हत्या के आरोपी आईएएस के भाई ने पांच साल बाद किया आत्मसमर्पण, पुलिस ने भेजा जेल

- **कन्सट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर की हत्या कर हुआ था फरार**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** नवा रायपुर में पांच साल पहले हुई कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर की हत्या मामले में फरार आरोपी मुख्य आरोपित वरुण कौशल ने मंदिर हसौद थाने में आत्मसमर्पण किया है। आरोपी वरुण ने वर्ष 2018 में अपने साथी समीर सहित अन्य साथियों के साथ मिलकर कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर तुहिन मलिक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपित वरुण कौशल प्रदेश की एक महिला आइएएस अधिकारी का भाई है। आरोपित के खिलाफ राजधानी के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, बलवा, उगाही, मारपीट समेत कुल 11 गंभीर अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

बता दें 10 मार्च 2018 की आधी रात कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर तुहिन मलिक की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के पीछे कार रेसिंग के दौरान तुहिन मलिक की गाड़ी को ओवरटेक कर दोपहिया वाहन सवार निकला था। इसे लेकर विवाद इतना बढ़ा कि वरुण कौशल ने कार में सवार तीन साथियों के साथ मिलकर तुहिन और इंजीनियर अलंकार पाल पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। इस घटना में गंभीर रूप से घायल तुहिन की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने अभिषेक नागवंशी उर्फ बिट्टू और अभिलाष नागवंशी उर्फबाबी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं मुख्य आरोपित वरुण कौशल और समीर लगातार फरार चल रहे थे। वरुण ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं एक अन्य आरोपी समीर अब भी फरार है।

## शुभमन गिल के विश्वकप में खेलने पर संशय प्लेटलेट्स कांउट कम होने पर अस्पताल में भर्ती

- **विश्वकप शुरू होते ही शुभमन हुए थे बीमार, डॉक्टरों की निगरानी में**

**नई दिल्ली।** विश्वकप की शुरुआत के साथ ही भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा। डेंगू के कारण भारत के स्टार ओपनर टीम से बाहर है। अब इनकी हेल्थ को लेकर ताजा अपडेट आया है। डॉक्टरों की देखरेख में रहे शुभमन गिल को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। दरअसल शुभमन गिल के खून में प्लेटलेट्स कम हो गए हैं इसलिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके कारण आने वाले मैचों में भी शुभमन के खेलने पर संशय बना हुआ है।

बता दें विश्व कप में टीम इंडिया के अभियान की शुरुआत से ठीक पहले गिल की तबीयत खराब हुई।




वह डेंगू से संक्रमित हुए और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफमैच में नहीं खेल पाए। अब मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि गिल को चेन्नई के कावेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, क्योंकि उनके खून में प्लेटलेट की कमी हो गई थी। इसके कारण वे पाकिस्तान के खिलाफभी खेल पाने में सक्षम नहीं होंगे। डेंगू से उभरने के बाद उनके सामने फिटनेस की चुनौती होगी।

डेंगू से उबरने में आमतौर पर 7-10 दिन लगते हैं, लेकिन इसके बाद गिल के सामने असली चुनौती मैच फिट होने की होगी। हालांकि, 19 अक्तूबर को होने वाले भारत-बांग्लादेश मैच तक वह आसानी से फिट हो सकते हैं। 11 अक्तूबर को अफगानिस्तान और 14 को पाकिस्तान के खिलाफमैच में गिल का खेलना मुश्किल है। अगर इन दोनों मैच में ईशान किशन अच्छा प्रदर्शन करते हैं और टीम इंडिया जीत हासिल करने में सफल रहती है तो गिल के लिए प्लेइंग-11 में फिर से जगह बनाना भी मुश्किल हो सकता है।

वहीं गिल को अधूरी फिटनेस के साथ प्लेइंग 11 में शामिल करने का जोखिम रोहित शर्मा नहीं लेना चाहेंगे। क्योंकि, विश्व कप लंबा टूर्नामेंट है और वह उमस भरी गर्मी में 100 ओवर का मैच खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता है। खासकर गिल जैसे खिलाड़ी के लिए, जो 50 ओवर फील्डिंग करने के साथ लंबी पारी खेलते हैं और कई बार 80-90 ओवर तक मैदान में रहते हैं।

## भाजपा की इस रणनीति में नया कुछ नहीं

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ में चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। 21 अक्टूबर से नामांकन दाखिल किया जाएगा। 30 अक्टूबर तक नाम वापसी होगी। 7 और 17 नवम्बर को दो चरणों में मतदान पूरा होगा। 3 दिसम्बर को परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। 3 जनवरी 2024 को मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो रहा है। छत्तीसगढ़ अधिसूचना जारी होने से काफी पहले ही चुनाव मोड में आ चुका है। इसकी पहल भाजपा ने अपने 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करते हुए कर दी थी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही 64 और प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी ने कर दी है। इसके साथ ही भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा सीटों में से 85 पर नाम तय कर दिये हैं। अब केवल बेमेतरा, पंडरिया, अंबिकापुर, बेलतरा और कसडोल सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा होना बाकी है। भाजपा ने इस बार 13 फीसद सीटों पर महिला प्रत्याशियों को मौका दिया है। यह हाल ही में पारित महिला आरक्षण विधेयक के भी अनुरूप है। पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक व सांसद सरोज पाण्डेय का नाम अब तक घोषित सूचियों में नहीं है। काफी पहले से ये अटकलें लगाई जाती रही हैं कि उन्हें बेमेतरा से प्रत्याशी बनाया जाएगा। यह सीट अब भी खाली है और उम्मीदें बाकी हैं। अब यह तय हो गया है कि उन्हें उनके गृह जिले से दूर रखने पर पार्टी में आम सहमति है। दरअसल, दुर्ग जिले में भाजपा कई गुटों में बंटी हुई है। इन गुटों में कभी इसका तो कभी उसका पलड़ा भारी रहता है। इसी गुटीय संघर्ष और भीतरघात के चलते पार्टी संगठन भी यहां के चुनाव में ज्यादा रुचि नहीं लेता था। इस बार इस समीकरण को हल करने की कोशिश की गई है। दुर्ग से संघ परिवार के गजेन्द्र यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक बिसरा राम यादव के सुपुत्र हैं। दुर्ग ग्रामीण से प्रत्याशी बनाए गए ललित चंद्राकर भी संघ के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। इन दोनों प्रत्याशियों के जरिए भाजपा ने इस बार संघ परिवार को सक्रिय रखने की कोशिश की है। राज्य के जैसे राजनीतिक हालात हैं, उसमें चुनावी हारजीत में संघ परिवार की एक बड़ी भूमिका होगी। पर इस उधेड़बुन में पार्टी ने युवा भारत, युवा प्रत्याशी, युवाओं की राजनीति में भागीदारी जैसी बातों को भुला दिया गया है। मार्गदर्शक मंडल वाला कोई फार्मूला भी यहां नहीं है। अहिवारा की आरक्षित सीट से 78 वर्षीय प्रत्याशी को उतारा गया है। भिलाई सीट पर भी भाजपा ने उसी फार्मूले पर यकीन किया है जिसमें कहा जाता है कि यहां दोनों दलों की बारी-बारी से जीत होती है। इस फार्मूले के अनुसार इस बार यहां से भाजपा को जीतना चाहिए। सभी फार्मूले और समीकरण पुराने हैं, बस उस ऊर्जा का अभाव दिखाई देता है जिससे कोई पार्टी पूरे जोश खरोश के साथ चुनाव में उतरती है और झंडे गाड़ती है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# पांच राज्यों में बिगुल

मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश एक लंबे चुनावी-मौसम में प्रवेश कर गया है, क्योंकि ये पांचों सूबे पूरब, पश्चिम, दक्षिण व मध्य भारत में स्थित हैं और इनकी सारी रणनीतियां उत्तर भारत स्थित दिल्ली से तय हो रही हैं। 3 दिसंबर को इन राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद वहां नई सरकारों के गठन और उनके सत्ता-ग्रहण की खुमारी के बीच ही आम चुनाव का बिगुल बज जाएगा, यानी आगामी जून तक देश राजनीतिक गहमागहमी के हवाले हो चुका है। निस्संदेह, एक लोकतांत्रिक देश और समाज के लिए चुनाव सबसे अहम मौका होता है, मगर भारत में चुनावी प्रक्रिया को लेकर जिस तरह की उलझनें पेश आने लगी हैं, उनको देखते हुए जरूरी हो गया है कि राजनीतिक पार्टियां और चुनाव आयोग मिलकर सर्वमान्य हल निकालें। आचार संहिता की शुचिता की रक्षा चुनावों की निष्पक्षता के लिए बेहद जरूरी है, तो वहीं विकास कार्यों की रफ्तार के साथ भी किसी किस्म का समझौता नहीं किया जा सकता। तब तो और, जब हम एक निर्धारित लक्ष्य के साथ दुनिया के देशों से प्रतिस्पर्द्धा में हों!

> “ नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान की आवश्यकता समझी जा सकती है। मगर आयोग को आचार संहिता के उल्लंघनों पर खास नजर रखनी होगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि लोकतांत्रिक समाज में कोई भी संस्था आलोचनाओं से परे नहीं, मगर हम नहीं भूल सकते कि एक संस्था की साख निंदा के न्यूनतम अवसरों से ही तय होती है। इसलिए इन पांचों राज्यों में राजनीतिक दलों और मतदाताओं की ही नहीं, चुनाव आयोग की भी परीक्षा होगी।

वैसे, पिछले सात दशक के चुनावी सफर में भारतीय मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को बरतना बखूबी सीख चुका है और उसके अब तक के जनादेश उसकी परिपक्वता की मुनादी करते हैं। बहरहाल, पांच राज्यों के ये विधानसभा चुनाव इसलिए भी अहम हैं कि इनको अगले आम चुनाव की पूर्वपीठिका के तौर पर देखा जा रहा है। इन प्रदेशों से लोकसभा में 83 और राज्यसभा में 34 सदस्य चुनकर आते हैं। ऐसे में, कोई भी राजनीतिक खेमा इन चुनावों को हल्के में नहीं ले सकता। खासकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में जहां कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं, तो वहीं तेलंगाना और मिजोरम में बहुकोणीय मुकाबले होने वाले हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब मतदाताओं ने दो विपरीत वैचारिक ध्रुवों पर बैठे राजनीतिक दलों या गठबंधनों को राज्य व केंद्र की सत्ता की चाबी सौंपी। इसलिए, कांग्रेस, भाजपा और तेलंगाना में बीआरएस का बहुत कुछ दांव पर लगा है। कांग्रेस ने जातिगत गणना का दांव चलकर लोकसभा चुनाव का एक अहम मुद्दा सामने रख दिया है। भाजपा को इसके तोड़ के मुद्दे ढूंढ़ने होंगे।

भारतीय राजनीति में आधी आबादी को उनका हक देने के लिए हाल ही में संसद ने ऐतिहासिक महिला आरक्षण कानून बनाया है। चूंकि वह अभी बाध्यकारी नहीं बन पाया है, इसलिए ये विधानसभा चुनाव देश की सियासी पार्टियों को एक बड़ा मौका देते हैं कि वे महिला उम्मीदवारों के प्रति संजीदगी का परिचय दें। इस मामले में उनकी ईमानदारी को उम्मीदवारी की कसौटी पर महिला मतदाता जरूर परखेंगी। यह सुखद है कि इस बार ज्यादातर राज्यों में एक ही चरण में मतदान हो रहा है। इससे चुनाव आयोग के बढ़े आत्मविश्वास का पता चलता है। नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान की आवश्यकता समझी जा सकती है। मगर आयोग को आचार संहिता के उल्लंघनों पर खास नजर रखनी होगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि लोकतांत्रिक समाज में कोई भी संस्था आलोचनाओं से परे नहीं, मगर हम नहीं भूल सकते कि एक संस्था की साख निंदा के न्यूनतम अवसरों से ही तय होती है। इसलिए इन पांचों राज्यों में राजनीतिक दलों और मतदाताओं की ही नहीं, चुनाव आयोग की भी परीक्षा होगी।

> “ इन चुनावों में कांग्रेस अगर मजबूती से उभरती है, तो लोकसभा चुनाव भी वह जीत जाएगी, ऐसा तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन यहां की जीत उसके लिए ऐसा खुराक साबित हो सकती है, जिसका उसे आम चुनाव में लाभ मिलेगा। इस जीत से उसके पक्ष में न सिर्फहवा बननी शुरू हो सकती है, बल्कि 'इंडिया' के अंदर भी वह कहीं बेहतर मोलभाव कर सकेगी। कांग्रेस को मिलने वाली यह ऊर्जा 2024 के मुकाबले को रोचक बना सकती है, जिसे कभी भाजपा के पक्ष में एकतरफा माना जा रहा था।

# आम चुनाव से पहले का अंतिम मुकाबला

आरती आर जेरथ, वरिष्ठ पत्रकार

सोमवार को चुनावी बिगुल तो पांच राज्यों की विधानसभा के लिए बजा, लेकिन हलचल राष्ट्रीय राजनीति में भी तेज हो गई। घोषित की गई तिथियों के मुताबिक, अगले माह राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होंगे, जिनके नतीजों का एलान दिसंबर के पहले हफ्ते में कर दिया जाएगा। चूंकि ये चुनाव परिणाम लोकसभा चुनाव के लिए हवा बनाने-बिगाड़ने में सक्षम हो सकते हैं, इसलिए क्षेत्रीय पार्टियों के साथ-साथ राष्ट्रीय पार्टियां भी अपने-अपने तरकश सजाने लगी हैं।

कुछ राजनीतिक पंडित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनावों को 2024 का 'सेमीफाइनल' मान रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि जो इन मुकाबलों को जीतेगा, लोकसभा चुनाव का ताज उसी के सिर बंधेगा। मगर ऐसा करते हुए वे शायद 2003 और 2018 के विधानसभा चुनावों को भूल जाते हैं। 2003 के चुनावों में छत्तीसगढ़ में रमन सिंह, तो मध्य प्रदेश में उमा भारती ने दिग्विजय सिंह से सत्ता छीन ली थी, जबकि 2000 में हुए राज्य बंटवारे के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। इसी तरह, राजस्थान में कांग्रेस के अशोक गहलोत को पटखनी देते हुए वसुंधरा राजे ने राज्य में भागवा पचरम लहराया था। मगर अगले ही साल 2004 में मतदाताओं ने केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को किनारे करके कांग्रेस की अगुवाई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) को बहुमत दे दिया।

साल 2018 भी ठीक इसी तरह के इतिहास का गवाह बना, जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह की सरकार को कांग्रेसी दिग्गज भूपेश बघेल, शिवराज सिंह चौहान की भगवा सरकार को कमलनाथ और वसुंधरा राजे सरकार को अशोक गहलोत हराने में सफल तो रहे, लेकिन 2019 के आम चुनाव में इन राज्यों की लगभग शत-प्रतिशत सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में चली गईं। यह संकेत है कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों की बीच का फर्क मतदाता समझने लगे हैं। तो सवाल यह कि क्या नवंबर में होने जा रहे विधानसभा चुनावों का कोई महत्व नहीं है?



निस्संदेह, ये चुनाव महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि 2024 के चुनावी समर से पहले 'इंडिया' और 'एनडीए' का यह आखिरी टकराव है। ये चुनाव पार्टी के पक्ष में जनता का मूड बनाने, उन्हें अपनी ताकत दिखाने और कार्यकर्ताओं के भीतर जोश भरने में मददगार होंगे। खासकर, कांग्रेस के लिए इसकी अहमियत ज्यादा है, क्योंकि पांचों राज्यों में वह सीधे मुकाबले में उतर रही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जहां वह अपनी सरकार बचाने का प्रयास करेगी, तो मध्य प्रदेश में सत्ता जीतने का। तेलंगाना में वह सत्तारूढ़ बीआरएस को, तो मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट को सीधी चुनौती दे रही है। रही बात भाजपा की, तो वह हिंदी पट्टी में तो मुकाबले में है, पर पूर्वोत्तर और दक्षिण में पिछड़ती दिख रही है।

भाजपा की रणनीति इस बार काफी दिलचस्प दिख रही है। वह ऐसी पार्टी है, जिसने विधानसभा चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री का चेहरा पेश करने की परंपरा स्थापित की है। 2003 से ही वह ऐसा करते आ रही है, जो काफी सफल रणनीति मानी गई है। इसके बरअक्स, कांग्रेस में हाईकमान की पसंद को बतौर मुख्यमंत्री राज्यों में भेजा जाता रहा है। मगर इस बार ठीक उल्टा हो रहा है। कांग्रेस के पास मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्री का चेहरा है, जबकि भाजपा बिना किसी चेहरे के इन चुनावों में उतर रही है। एक और काम किया है उसने। उसने इस बार केंद्र से मंत्रियों को वापस उनके प्रदेश में भेजा है, ताकि चुनावी माहौल अपने पक्ष में किया जा सके। यह रणनीति इसलिए भी बनाई गई है, क्योंकि इन तीनों सूबों में पार्टी के भीतर काफी तनातनी है। दिल्ली से भेजे गए वरिष्ठ नेता राज्यों में पार्टी को एकजुट रखने का प्रयास करेंगे। मगर बाहरी नेताओं की आमद से स्थानीय नेता निष्क्रिय भी हो सकते हैं। यह भी एक वजह है कि हिंदी पट्टी के इन राज्यों में कई नेता भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम चुके हैं।

लग यह भी रहा है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में जीत के लिए विधानसभा चुनावों में जोखिम लेने को तैयार है। शिवराज सिंह चौहान का अभियान देखिए, तो ऐसा लगता है, मानो वह विदाई-रुदन कर रहे हैं। राजस्थान में भी वसुंधरा राजे एक लोकप्रिय नेता हैं, लेकिन उनको किनारे कर दिया गया है। यह बताता है कि भाजपा अब इन राज्यों में ऐसा नेतृत्व चाहती है, जिसमें नई ऊर्जा हो और जो उसे आम चुनाव में फायदा दिला सके। कर्नाटक चुनाव से उसने यह रणनीति बनाई है, जहां उसने येदियुरप्पा को आगे नहीं किया था। बेशक शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह को इस बार टिकट दिया गया है, लेकिन भाजपा का लक्ष्य आम चुनाव ही लग रहा है।

तेलंगाना में भी काफी दिलचस्प मुकाबला होने जा रहा है। वहां पहले लग रहा था कि भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में उभर रही है। स्थानीय चुनावों में भी उसने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और बीआरएस को चुनौती दी थी। मगर कर्नाटक चुनाव में हार के बाद यहां कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनने लगा और अब तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा बनाम बीआरएस के बजाय कांग्रेस बनाम बीआरएस मुकाबला होगा, और भाजपा नंबर तीन की हैसियत से चुनाव में उतरेगी।

रही बात मिजोरम की, तो मणिपुर की अस्थिरता यहां के चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकती है। पिछले तीन-चार महीनों से मणिपुर में हिंसा हो रही है और यहां की जनभावना केंद्र सरकार के खिलाफ है। मिजोरम में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट, जो भाजपा की सहयोगी थी, अब उससे अलग लड़ने का एलान किया है। यहां का सामाजिक समीकरण उसे भाजपा के साथ जाने से रोक रहा है। इन सबसे कांग्रेस खुश हो रही होगी, क्योंकि इसका फायदा उसे हो सकता है।

साफ है, इन पांचों प्रदेशों में भाजपा बैकफुट पर, तो कांग्रेस फ्रंटफुट पर खेल रही है। इन चुनावों में कांग्रेस अगर मजबूती से उभरती है, तो लोकसभा चुनाव भी वह जीत जाएगी, ऐसा तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन यहां की जीत उसके लिए ऐसा खुराक साबित हो सकती है, जिसका उसे आम चुनाव में लाभ मिलेगा। इस जीत से उसके पक्ष में न सिर्फ हवा बननी शुरू हो सकती है, बल्कि 'इंडिया' के अंदर भी वह कहीं बेहतर मोलभाव कर सकेगी। कांग्रेस को मिलने वाली यह ऊर्जा 2024 के मुकाबले को रोचक बना सकती है, जिसे कभी भाजपा के पक्ष में एकतरफा माना जा रहा था।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# जब तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने छोड़ दिया भाजपा का साथ

एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

उनहत्तर वर्षीय ए पलानीसामी, जो अब अन्नाद्रमुक के निर्विवाद नेता हैं, अगले साल अपने राजनीतिक जीवन के 50 वर्ष पूरे कर लेंगे। उन्होंने 2011 में तमिलनाडु राज्य विधानसभा में प्रवेश किया था और जे जयललिता ने उन्हें तुरंत कैबिनेट में जगह दे दी थी। तब से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पलानीसामी को महज 12 साल में बढ़त हासिल हुई है। उन्हें न केवल शक्तिशाली जयललिता की राजनीतिक विरासत मिली, बल्कि वह उतने ही निपुण राजनेता भी साबित हुए, जो समय और सावधानी से अपने सियासी पत्ते खेल सकते हैं।

पिछले हफ्ते उन्होंने भाजपा के साथ अन्नाद्रमुक का गठबंधन अचानक खत्म कर दिया। भाजपा आलाकमान ने तुरंत सुधार की कोशिश की और कुछ संदेशवाहकों को पलानीसामी के पास भेजा। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा के आग्रह को दरकिनार कर दिया। राज्य भाजपा प्रमुख अन्नामलाई को तुरंत दिल्ली बुलाया गया, पर तब तक चीजें इतनी आगे बढ़ चुकी थीं कि किसी भी तरह का मिलाप संभव नहीं रह गया था। ऐसा लगता है, भाजपा आम चुनाव के आसपास अपने सुलह प्रयासों को फिर से शुरू कर सकती है।

सलेम से गन्ना किसान के रूप में शुरुआत करने वाले पलानीसामी 1989 में अन्नाद्रमुक के टिकट पर संसद के लिए चुने गए थे। 1970 के दशक में उन्होंने गौंडर समुदाय के प्रमुख नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी और यह उनकी 2011 की जीत में काम आया। उन्हें मंत्री पद से पुरस्कृत किया गया। 2016 में जब जयललिता शानदार जीत के साथ सत्ता में लौटीं, तब उनकी सफलता में बड़ा योगदान गौंडर समुदाय का था। समुदाय से चुने गए 28 विधायकों में से पलानीसामी सहित पांच को कैबिनेट पद दिए गए। इसके विपरीत मुक्कुलाथोर, जिन्हें थेवर जाति भी कहा जाता है, के विधायकों को कैबिनेट में नौ पद मिले, जबकि इस समुदाय से 20 विधायक चुने गए थे। जयललिता की निजी मित्र और राजनीतिक साथी एन शशिकला थेवर हैं।



जब जयललिता को आय से अधिक संपत्ति के मामले में जेल की सजा काटनी पड़ी, तब एक थेवर नेता ओ पनीरसेल्वम को मुख्यमंत्री बनाया गया। वैसे तो पनीरसेल्वम को हमेशा सेवक के रूप में देखा जाता था, पर जयललिता की मौत के कुछ महीने बाद वह विद्रोही बन गए। बाद में पलानीसामी मुख्यमंत्री बने। पनीरसेल्वम के विपरीत पलानीसामी ने पहले दिन से ही निर्णायक रूप से काम किया। वह जयललिता की कुर्सी पर जा बैठे, तुरंत शशिकला को किनारे कर दिया और पार्टी पर अपनी पकड़ बनाने के लिए पनीरसेल्वम से तालमेल बिठा लिया। बाद में जब मौका आया, पलानीसामी ने पनीरसेल्वम को हटाकर पार्टी की कमान अपने हाथ में ले ली और कुछ महीने पहले संगठन का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में लेते हुए खुद को अन्नाद्रमुक का महासचिव नियुक्त कर लिया। वह अपने हर कदम पर राजनीतिक पर्यवेक्षकों को आश्चर्यचकित करते रहे हैं। अपने मुख्यमंत्रित्व काल के दौरान उन्हें केंद्र के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने में कठिनाई हुई। केंद्र में भाजपा ने पनीरसेल्वम को बढ़ावा दिया। पलानीसामी ने पैंतरेबाजी की और तुरंत उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। भाजपा ने सुलह कराने की कोशिश की, पर पलानीसामी अडिग रहे।

आईपीएस अधिकारी से राजनेता बने के अन्नामलाई, जिन्होंने तमिलनाडु भाजपा की बागडोर संभाली, पार्टी के लिए आखिरी तिनका साबित हुए। इस साहसी युवा राजनेता ने पहले दिन से ही हलचल मचानी शुरू कर दी। उन्होंने खुद को 2026 में मुख्यमंत्री पद का दावेदार भी घोषित कर दिया।

इससे अन्नाद्रमुक कार्यकर्ता क्रोधित हो गए। विपक्षी द्रमुक ने अन्नाद्रमुक को भाजपा का गुलाम कहना शुरू कर दिया था। 66 विधायकों के साथ अन्नाद्रमुक एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी थी। भाजपा के 2.61 प्रतिशत के मुकाबले 33.3 वोट शेयर के साथ अन्नाद्रमुक अपने कनिष्ठ साझेदार की चाल के प्रति सबसे अधिक धैर्यवान रही है। सवाल यह भी है कि क्या यह द्रमुक विरोधी और अल्पसंख्यक वोट पाने के लिए दोनों पक्षों के बीच एक मौन सहमति है? क्या चुनाव बाद भाजपा और अन्नाद्रमुक साथ आ सकते हैं? हमें इंतजार करने और देखने की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## इजरायल के साथ हमें खड़ा होना चाहिए

क्या इजरायल भारत का दर्पण है? आखिर क्यों भारत को अपनी पूरी ताकत से इजरायल के साथ खड़ा होना चाहिए? हमास के हमले के बाद गाजा पट्टी ही नहीं, इजरायली इलाकों से बड़ी विचलित करने वाली खबरें आ रही हैं। एक 25 वर्षीया इजरायली छात्रा नोआ अर्गमानी का वीडियो आया, जिसमें वह हमास के आतंकियों से दया की भीख मांग रही हैं।

आज इजरायल की तेज आर्थिक प्रगति और संपन्नता के युग में पली-बढ़ी नोआ अर्गमानी जैसी यहूदी पीढ़ी अगर हमास से न मारने की गुहार लगा रही है, तो समझ लीजिए कि इजरायल का अस्तित्व अब खतरे में है। इजरायल एक ऐसा राष्ट्र है, जहां पूरी दुनिया से आए यहूदियों ने अपनी उस कौम को बचाने का प्रण लेते हुए सर्वस्व अर्पण किया, जो पिछले दो हजार वर्षों से पृथ्वी के कोने-कोने में भागकर, कभी ईसाइयों द्वारा, तो कभी हिटलर द्वारा अपने लाखों भाई-बहनों के नरसंहार का दर्द झेलते हुए संघर्ष कर रहे थे। अब यह संघर्ष उनके जीवन का ऐसा अंग बन चुका है कि उसके बिना पूरी कौम का जड़ से सफाया हो जाएगा। जहां एक तरफ यहूदियों का राष्ट्र है, तो दूसरी तरफ ऐसे देश हैं, जहां के बाशिंदे उसे जमीन का एक टुकड़ा मानते हुए अपने धर्म को सर्वोपरि मानते हैं। उन्हें एक अमनपसंद राष्ट्र नहीं, बल्कि ऐसा देश चाहिए, जहां पर शरिया का शासन चलता हो। लिहाजा हमें इजरायल से सबक लेना चाहिए। उसका हर मुमकिन समर्थन करना चाहिए। हमास का यह हमला इजरायल पर नहीं, बल्कि क्रूरतम तरीके से अपने धर्म को स्थापित करने का संकेत है।

**अतुल मालवीय, टिप्पणीकार**

## आतंकियों को खत्म करें

कई दशकों से इजरायल भारत का सच्चा मित्र रहा है। जब हमारे साथ 'विपत्ति' के समय कोई खड़ा नहीं था, तब इजरायल ने हमारे कंधे से अपना कंधा मिलाया। हम इजरायल की मित्रता के कर्जदार हैं। ऐसे में, यदि आज उस पर हमला हो रहा है और उसके नागरिक मारे जा रहे हैं, तो वह भी पीछे मुड़कर नहीं देखेगा। यह एक लंबा और खूनी युद्ध होने वाला है। हमारे ब्रह्मोस और पिनाका को तेल अवीव भेजने का समय आ गया है। हम सभी को अपने इजरायली भाइयों के साथ खड़े होना ही चाहिए। वे कारगिल और बालाकोट में हमारे साथ खड़े थे। उन्होंने 1971 में भी हमारी मदद की थी। उम्मीद है कि इजरायली सेना आतंकियों के प्रति किसी भी प्रकार की कोई दया अथवा पश्चाताप नहीं दिखाएगी। कट्टरपंथी आतंकियों को जड़ से खत्म करना ही होगा।

**जीवन आनंद मिश्रा, टिप्पणीकार**

# फलस्तीन पर होती ज्यादती की भी सोचिए

आतंकी कृत्य को किसी भी कीमत पर जायज नहीं ठहराया जा सकता। निरीह नागरिकों का कत्लेआम राष्ट्रभक्ति नहीं, महापाप और जघन्य अपराध है। पिछले शनिवार को हमास ने इजरायलियों के साथ जो किया, वह आतंकवाद था। मगर ऐसी घटनाएं उस क्षेत्र के लिए अस्वाभाविक नहीं हैं, जो सभी देशों को पता है। मगर 1948 के बाद से, जब से इजरायल का गठन हुआ, संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम देश एकतरफा इजरायल के पक्ष में खड़े रहे। क्यों खड़े हैं, क्योंकि लाखों यहूदियों का कत्ल हिटलर ने करवाया था। शायद उसी हमदर्दी का लाभ इजरायल को मिलता रहा, और वह अपनी भूमि का विस्तार करता रहा। उसने फलस्तीनियों की जमीन पर कब्जा कर लिया। जिनकी जमीन थी, उन्हें खानाबदोश बनाकर उनके साथ गुलामों वाला उसका व्यवहार बढ़ता गया। यह सब नरसंहार आतंकवाद के नाम पर किया गया। तब दुनिया ने कुछ नहीं कहा, मगर अब फलस्तीनी संगठन हमास की कड़ी निंदा की जा रही है। मगर कोई इस प्रश्न पर विचार नहीं कर रहा है कि 1948 में इजरायल के पास जितनी भूमि थी, उसके मुकाबले आज कितनी है? अगर उसमें वृद्धि हुई है, तो फिर कैसे हुई? यहूदी कॉलोनियों का लगातार अनधिकृत विस्तार कैसे हो रहा है? फलस्तीनियों के साथ न्याय क्यों नहीं हो रहा है? हम सबको पता है कि अगर आज इजरायल के 800 नागरिक मरे हैं, तो वह कल 80 हजार अरबों को मार गिराएगा, लेकिन क्या इसके बाद भी इजरायली अपने घर में खुद को सुरक्षित महसूस कर सकेंगे? असल में, इजरायल के कर्म ने उसे आज बारूद के ढेर पर बैठने को मजबूर कर दिया है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों को दोनों खेमों के बीच शांति समझौता कराना चाहिए। एकतरफा निंदा प्रस्ताव से जमीनी स्तर पर समस्या ज्यों का त्यों बनी रहेगी।



**जंग बहादुर सिंह, टिप्पणीकार**

---

## तरक्की पर नजर

मुझे ऐसा क्यों लग रहा है कि हमास का इजरायल पर हमला दुश्मनी कम और इजरायल की तरक्की की रफ्तार को रोकने के लिए ज्यादा है? इस तरक्की की वजह से विश्व भर में इजरायल का रुतबा बहुत बढ़ गया है, और यही वह बात है, जो उसके पड़ोसी देशों को हजम नहीं हो रही है। किसी भी देश की तरक्की की रफ्तार रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि उसे युद्ध की आग में झोंक दो, फिर चाहे वह दो देशों की लड़ाई हो या गृह युद्ध। वही सदियों पुरानी कहानी... हर जगह नाम धर्म का है, पर धर्म कही नहीं है। है, तो बस लालच, स्वार्थ, झूठ और फरेब...।

**सीप जैन, टिप्पणीकार**

## बर्लिन का विवाद

बर्लिन का विवाद अभी जारी है। पश्चिमी राष्ट्रों ने इस प्रश्न को संयुक्त राष्ट्रीय संघ की सुरक्षा कौंसिल के हवाले कर दिया है। रूस ने इस बात का विरोध किया था। उसका कहना था कि जर्मनी के प्रश्न को निपटाने का अधिकार मात्र चार राष्ट्रों को है और सुरक्षा कौंसिल उस पर विचार नहीं कर सकती। फिर भी सुरक्षा कौंसिल ने बहुमत से बर्लिन के विवाद पर विचार करने का निर्णय किया। इस पर रूस के प्रतिनिधि ने घोषणा की कि सुरक्षा कौंसिल बर्लिन के प्रश्न पर जो भी बहस करेगी, उसमें वह भाग नहीं लेगा। यूक्रेन के प्रतिनिधि ने भी रूसी प्रतिनिधि का साथ देने का इरादा जाहिर किया। जब दो पक्षों में विवाद हो और उनके बीच आपस में कोई समझौता न हो पाये, तो कोई न कोई तीसरा पक्ष ऐसा होना चाहिए जो मामले को सुलझाने की कोशिश कर सके। संयुक्त राष्ट्रीय संघ कायम ही इसलिए हुआ है कि राष्ट्रों के झगड़े को शान्तिपूर्वक निपटाये। बर्लिन के झगड़ेने उग्र रूप धारण किया हुआ है। जिस प्रकार रूस ने ताकत का प्रयोग करके पश्चिमी राष्ट्रों का बर्लिन के साथ थल-मार्ग से सम्पर्क काट दिया है, उसी प्रकार यदि पश्चिमी राष्ट्र भी जिसे अपना अधिकार समझते हैं, उसे म




नवाने का आग्रह करें और ताकत का प्रयोग करना शुरू कर दें, तो बर्लिन के प्रश्न पर युद्ध छिड़ जायेगा और अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति खतरे में पड़ जायेगी। पश्चिमी राष्ट्रों ने ताकत का सहारा नहीं लिया और अपना झगड़ा सुरक्षा कौंसिल के सामने रखकर संयुक्त राष्ट्रीय संघ के प्रति अपने दायित्व को निबाहा है। कोई भी ऐसी स्थिति, जिससे अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति को खतरा हो, उस पर सुरक्षा कौंसिल विचार कर सकती है और यदि वह ऐसा न करे तो यह समझा जायेगा कि उसने अपने दायित्व की उपेक्षा की है।

पश्चिमी राष्ट्रों की मान्यता है कि रूस ने बर्लिन की नाकेबन्दी की हुई है। इस नाकेबन्दी को वे कितनी गम्भीर दृष्टि से देखते हैं, यह अमेरिका के परराष्ट्र मंत्री जार्ज मार्शल के इस कथन से प्रकट हो जायेगा कि यदि शांति काल में कभी शांति को खतरा पैदा हुआ तो वह इस नाकेबन्दी के कारण पैदा हुआ है। जब किसी प्रश्न पर जिम्मेदार लोग युद्ध तक की चर्चायें करने लगें तो उसे मामूली प्रश्न नहीं समझा जा सकता।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति ने 6 सूत्रीय मांगों को राज्य शासन से जल्द पूर्ण करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू, विनय कुमार, खेमराज यदु, अनिल कुमार, भोलाशंकर वर्मा, अजय कुमार, राहुल ध्रुव, ऋतुराज साहू ने प्रेस क्लब रायपुर आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि वर्ष 2013 से पंडित रवि शंकर शुक्ल विवि में छत्तीसगढ़ी में एमए पाठ्यक्रम शुरू किया गया था राज्य के 600 विद्यार्थी एमए छत्तीसगढ़ी में पास आउट होने के बाद भी अब तक रोजगार की तलाश में दर दर भटक रहे हैं। वार्ताकारों ने राज्य शासन से छह सूत्रीय मांगों को तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने की मांग की है। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि सरकार भाषा के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग बनाई है जिसका नाम परिवर्तित है छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग होना चाहिए। स्थानीय भाषा में रोजगार के पद सृजित किये जाए, विभिन्न विभागों में अनुवादक की नियुक्ति की जाए, शासन प्रशासन में स्थानीय राजभाषा अधिकारी के रूप में नियुक्ति की जाए जिला न्यायालय उच्च न्यायालय आकाशवाणी दूरदर्शन शासकीय विभागों अस्पताल में छत्तीसगढ़ी समन्वयक के रूप में एमए पास विद्यार्थियों की नियुक्ति तत्काल की जाए। प्रदेश के सभी 33 जिलों में एमए छत्तीसगढ़ी विद्यार्थियों को स्थानीय सहायक के रूप में तत्काल भर्ती की जाए।

### राष्ट्रीय डाक सप्ताह का हुआ शुभारंभ, 13 को होगा समापन

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर के मध्य राष्ट्रीय डाक सप्ताह का शुभारंभ हुआ। मुख्य डाक घर मालवीय रोड के सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता में छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल की महानिदेशक श्रीमती वीना आर.श्रीनिवास ने बताया कि आज से डाक सप्ताह का शुभारंभ हुआ है। 10 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस आईपीपीबी/पीएलआई/आरपीएलआई दिवस मनाया जाएगा। 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस मनाया जाएगा। 12 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस मनाया जाएगा। 13 अक्टूबर को अन्त्योदय दिवस के साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा।

### विधानसभा निर्वाचन 2023 : स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़नदस्ता दल में किया गया आंशिक संशोधन

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गठित स्थैतिक निगरानी दल एवं उडऩदस्ता दल के प्रभारी में आंशिक संशोधन किया गया है। स्थैतिक निगरानी दल के संशोधित आदेश अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत दल क्रमांक 6 के लिए ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी कृषि विभाग याजवेन्द्र कटरे, दल क्रमांक 3 के लिए ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी कृषि विभाग चुरामन सिंह टंडन एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत दल क्रमांक 2 के लिए ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी कृषि विभाग शेखर हिरवानी को दल प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह उडऩदस्ता दल के संशोधित आदेश अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत दल क्रमांक 5 के लिए ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी कृषि विभाग एके हेड़ाउ को दल प्रभारी बनाया गया है।

### डॉ. अम्बेडकर की थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के सौ वर्ष पूरे होने पर बौद्धिक परिचर्चा का हुआ सफल आयोजन

# युवा पीढ़ी को वित्त के बारे में जागरूक और शिक्षित करने की जरूरत : रतनलाल डांगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी, छत्तीसगढ़ द्वारा बौद्धिक परिचर्चा का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर के एक स्थानीय होटल में आज आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों और प्रबुद्धजनों ने डॉ. अंबेडकर के योगदान और उनकी थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के बारे में अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रायपुर पुलिस रेंज के महानिरीक्षक रतनलाल डांगी द्वारा लिखित 'डॉ. भीमराव अंबेडकर' पुस्तक का विमोचन किया गया।




परिचर्चा में आमंत्रित अतिथियों और श्रोताओं ने भारतीय संविधान के पालन की शपथ ली। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एवं राज्य शासन में विभागीय जांच आयुक्त श्री दिलीप वासनीकर, आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव श्री महादेव कावरे, पुलिस महानिरीक्षक श्री रतनलाल डांगी, नई दिल्ली से आए वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं बजट विशेषज्ञ श्री उमेश बाबू तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के प्राध्यापक प्रो. एस.के. जाधव ने परिचर्चा के दौरान थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस, डॉ. अंबेडकर के चिंतन और वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर अपने विचार साझा किए।

मुख्य वक्ता के रूप में परिचर्चा को संबोधित करते हुए रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वित्त यानि फइनेंस के बारे में जागरूक और शिक्षित करने की बेहद जरूरत है। इसका अधिकतम सदुपयोग किस तरह से किया जा सकता है, इसके बारे में उन्हें रास्ता दिखाने की जरूरत है। श्री डांगी ने कहा कि ईमानदारी से कैसे रुपए कमाएं और इसे कैसे इकट्ठा करें, यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा है। दिखावे की प्रवृत्ति से बचते हुए हमें अनावश्यक खर्चों में कटौती, मितव्ययता और सही जगह में धन के निवेश के बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बदले भौतिकतावाद की ओर बढ़ना समाज के लिए नुकसानदायक है। श्री डांगी ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफरुपीस के बारे में कहा कि इस थिसिस में उनका देशप्रेम और यहां के लोगों के बारे में चिंता झलकती है। इस थिसिस के लिखे जाने के 100 साल बाद आज हम यहां इसकी चर्चा कर रहे हैं। डॉ. अंबेडकर के चिंतन और योगदान पर सतत चर्चा जरूरी है। उन पर आज से 100 वर्ष वाद भी चर्चा हो, यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

नई दिल्ली के वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं बजट विशेषज्ञ श्री उमेश बाबू ने परिचर्चा में वर्तमान परिस्थितियों में दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के विभिन्न पहलुओं को तथ्यात्मक ढंग से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वस्तुओं के न्यूनतम मूल्य के साथ उनका अधिकतम मूल्य भी तय होना चाहिए। बाबासाहेब ने अपनी थिसिस में जो सिद्धांत लिखे हैं, वे विभिन्न रूपों में आज 100 साल बाद भी प्रासंगिक हैं। श्री बाबू ने कहा कि समाज में मेरिट पर बात होना ही चाहिए। हमारी राजनीतिक समझ समाज का ही प्रतिबिंब है। जब समाज में मेरिट नहीं होगी, तो राजनीति में मेरिट कैसे आएगी? रुपए के एक्सचेंज स्टैंडर्ड में मेरिट कैसे आएगी? दलितों और आदिवासियों को अपने हिस्से का बजट हासिल करने के लिए रुपए के मूल्य, इसकी समस्या और समाधान पर चर्चा करनी ही चाहिए।

रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. एस.के. जाधव ने परिचर्चा में थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने ऐसे विषयों पर लिखा है जिन पर किसी और ने नहीं लिखा है। उन्होंने अपनी पुस्तकों में अकाट्य तर्कों और तथ्यों के साथ लिखा है। उन्होंने बताया कि बाबासाहेब की थिसिस दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस 1947 में भारतीय मुद्रा और बैंकिंग का इतिहास के नाम से दोबारा प्रकाशित हुई थी। डॉ. अंबेडकर ने भारतीय अर्थव्यवस्था की जटिलता को भी इसमें बताया है। भारतीय वित्तीय प्रणाली एवं मुद्रा सुधार की बात भी इसमें हैं, जिसने भारतीय रिजर्व बैंक के गठन का आधार तैयार किया। प्रो. जाधव ने कहा कि सामाजिक सुधार तभी आ सकता है जब आर्थिक समानता हो।

आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव महादेव कावरे ने परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने 100 वर्ष पूर्व जो थिसिस लिखी थी, वह आज भी प्रासंगिक है। इसी थिसिस के फ्लस्वरूप ही देश में रिजर्व बैंक के गठन का रास्ता निकला और बैंकों का निर्माण हुआ। इसलिये रिजर्व बैंक और देश भर के अन्य सभी बैंकों में बाबा साहब डॉ अंबेडकर के लिखित कोटेशन व छाया चित्र लगाने की मांग हो ऐसा प्रयास किया जाना चाहिए। इसके मुताबिक हमें आज भी काम करने की जरूरत है। डॉ. अंबेडकर ने जो सुझाव दिए थे, तत्कालीन समय में उन पर काम कर हम अपनी अर्थव्यवस्था को और मजबूत कर सकते थे। डॉलर की तुलना में हमारा रुपया लगातार क्यों कमजोर होता जा रहा है, यह विचारणीय है। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं राज्य शासन में विभागीय जांच आयुक्त श्री दिलीप वासनीकर ने अपने संबोधन में बताया कि डॉ. अबेडकर ने अपनी पीएचडी थिसिस के रूप में दि प्रॉब्लम ऑफरुपीस 22 अक्टूबर 1922 को लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स में जमा की थी। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब केवल भारतीय संविधान के शिल्पी ही नहीं थे, बल्कि अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, दार्शनिक, मनोविज्ञानी और राजनीतिज्ञ के साथ-साथ इतिहास और संस्कृति के गहरे जानकार भी थे। श्री वासनीकर ने कहा कि हमारे सामने लगातार सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां रहेंगी, हमें मिल-जुलकर इनका सामना करना होगा। डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी आने वाले समय में इस तरह के और भी आयोजनों से बाबासाहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करेगी। उन्होंने परिचर्चा में भाग लेने वाले वक्ताओं और सभी श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। परिचर्चा में अतिथियों और श्रोताओं को दि प्रॉब्लम ऑफ रुपीस का हिन्दी रूपांतर रुपए की समस्या पुस्तक भी भेंट की गई।

# जागरूक मतदाता की भूमिका सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण - डॉ. पुरुषोत्तम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग की अभिनव पहल को आम मतदाता तक पहुंचाते हुए डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि मतदाता अपने अधिकार के लिए सचेत होता है तो उनके जागरूक होने से विकासशील तथा सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग मिलता है। जागरूक मतदाता सशक्त समाज के निर्माण में सहायक होंगे।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में श्री राकेश तिवारी द्वारा लिखित मतदाता जागरूकता गीत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए युवाओं महिलाओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं को ईवीएम की कार्य प्रणाली समझाते हुए डेमो वोट किया और शत-प्रतिशत निष्पक्ष मतदान की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कलाकार राकेश तिवारी, सविता तिवारी, आशा लता शुक्ला, पुष्पलता त्रिपाठी, नरेंद्र यादव, मोहन साहू, हेमलाल पटेल,उत्तम ठाकुर, मनीष लदेर, नीतीश यादव, सुमित तिवारी, विशेष विशेष भूमिका में रहे।भारत निर्वाचन आयोग के शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की दिशा में सक्रियता से काम कर रही है इसी क्रम में हमारे द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं मतदाता जागरूकता गीतों से मतदाताओं को प्रेरित कर पुरानी बस्ती, गोपिया पारा, सरस्वती चौक, यादव मोहल्ला के युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं को ईवीएम के प्रदर्शन एवं पूछे गए प्रश्नों का सटीक समाधान करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के ईवीएम चैलेंज को स्पष्ट किया लोकतांत्रिक निष्पक्ष मतदान की शपथ एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रोमांचित करते हुए प्रलोभन रहित मतदान का संदेश दिया।

जहां कम हुआ मतदान उन क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान, न्यूनतम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदान जागरूकता के लिए अपील करते हुए डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग निर्भीक होकर करें, मतदाताओं से निष्पक्ष मतदान की अपील की।

# सेवा सप्ताह के अंतिम दिन नि:शुल्क मधुमेह शिविर का आयोजन किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। लायंस क्लब आफ कोरबा द्वारा सेवा सप्ताह के तहत लायंस चौक टी.पी नगर में कैम्प लगाकर डायबिटिज व रक्तचाप का नि:शुल्क जाँच रेनुका डायग्नोसिस सेंटर के टेक्नीशियन डॉ. रोहितलाल यादव एवं डॉ. सुरेन्द्र चौहान के सहयोग से 300 व्यक्तियों और लायंस सदस्यों का नि:शुल्क चेकअप कराया गया।

अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन मीना सिंह ने किया, उन्होंने लागों को डायबिटिज के बारे में बताया व कहा कि हम सभी को 45 साल की उम्र के बाद हर साल नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराना आवश्यक है एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक से नियमित रूप से परामर्श लेना न भुले, ये एक ऐसा खतरनाक रोग है जिसमें कई तरह की समस्याओं का सामना भी होता है, इसे नजरअंदाज न करे, इससे शरीर के दूसरे अंग निष्क्रीय हो सकते है। लेकिन इलाज समय पर किया जाय तो बचाव संभव है, जिसके लिये इस रोग का समय पर इलाज जरूरी है। डायबिटीज को गम्भीर रोग न बनाये, एहितयात बरते, स्वस्थ रहे, मस्त रहे, खुशहाल रहे।

तत्पश्चात फूड फार हंगर के तहत खिचड़ी वितरण किया गया। मधुमेह और खिचड़ी कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर लायन सत्येन्द्र वासन व लायन रविशंकर सिंह रहे।

इस दौरान लायन शहनाज शेख डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन द्वारा मधुमेह की रोकथाम हेतु पाम्प्लेट का विमोचन आदरणीय जोन चेयरपर्सन लायन एस के अग्रवाल और वरिष्ठ चार्टर सदस्य लायन सत्येंद्र वासन जी के द्वारा कराया और पाम्प्लेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एमजेएफलायन जयप्रकाश अग्रवाल, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन आनंद प्रसाद जायसवाल, लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन दिलीप देवांगन, लायन रमेश शर्मा एवं अन्य लायन सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

### कबीरधाम जिले में सिंचाई सुविधाओं का होगा विस्तार

# सहसपुर लोहारा विकासखंड की बरोदाखुर्द जलाशय योजना के निर्माण के लिए लगभग 85 करोड़ की मंजूरी मिली

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। कबीरधाम जिला में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा। जिले के सहसपुर लोहारा विकासखण्ड की बरोदाखुर्द जलाशय योजना के निर्माण हेतु लगभग 8470.72 लाख रू. की मंजूरी 06 अक्टूबर को मिली है।

बरोदाखुर्द जलाशय योजना के निर्माण से 4890 एकड़ खरीफ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी जिसे बाद में बढ़ाया भी जा सकेगा। वन भूमि प्राप्त होने के बाद ही निविदा का कार्य प्रारंभ करने की शर्त जल संसाधन विभाग द्वारा रखी गई है।

कबीरधाम जिले सहसपुर लोहारा विकासखंड में सिंचाई विस्तार की दिशा में एक और जलाशय निर्माण के लिए राशि की मंजूरी मिलने से खेती किसानी के कार्य में सुविधा



होगी। इस क्षेत्र में जलाशय की अवश्यकता महसूस की जा रही थी।

#### सिंचाई योजनाओं को मिल चुकी है मंजूरी

इससे पहले भी कवर्धा विधानसभा में किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करते हुए घठौला जलाशय निर्माण के लिए 12 करोड़ रूपए की मंजूरी मिली चुकी है। इसके साथ ही 69 करोड़ 76 लाख रूपए की लागत से जगमड़वा जलाशय निर्माण कार्य और 4 करोड़ 45 लाख 94 हजार रूपए की लागत से खम्हरिया व्यपवर्तन योजना निर्माण का भूमिपूजन किया गया है। जिले में लगातार सिंचाई क्षेत्र में विस्तार मिलने से जिले के किसानों के चेहरे में खुशी देखी जा रही है। कबीरधाम जिला में सिंचाई सुविधाओं को ध्यान में रखना कृषि के विस्तार के लिए आवश्यक था। नहरों और जलाशयों के निर्माण से सिंचाई में सुविधा होगी।

#### कबीरधाम है कृषि प्रधान जिला

कबीरधाम जिला कृषि प्रधान जिला है, यहां किसानों द्वारा गन्ना की खेती की जाती है जिसे ध्यान में रखते हुए भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना खोला गया था। इसी पर आधारित गन्ना बेस इथेनॉल प्लांट की स्थापना की गई है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### संपत्ति के विरूपण पर की जाए आवश्यक कार्यवाही : कलेक्टर

**रायपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2023 के कार्यक्रम की घोषणा किये जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, इस दृष्टिकोण से यह सुनिश्चित किया जावे कि जिले में किसी संपत्ति का विरूपण न हो। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा गया है कि छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों को कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके अनुसार छत्तीसगढ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधानानुसार कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा, वह जुर्माने से जो एक हजार रूपये तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डानीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। इस संबंध में टीम गठित की जाएगी, जिसमें नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के कर्मचारी-अधिकारी शामिल रहेंगे। यह टीम नियंत्रण भ्रमण कर जांच कर अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई करेगी।

### अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आदेश जारी कर कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आदेशित किया जाता है कि वे कलेक्टर या जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्वानुमति के न तो अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार जिला स्तर पर तथा जिले अंतर्गत समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों/उपक्रमों के अमले के अवकाशों की स्वीकृति हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवकाश स्वीकृत करने हेतु सक्षम अधिकारी होंगे।

### निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम लागू

**नारायणपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा छत्तीसगढ़ ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 एवं पर्यावरण संरक्षण नियम 1986 के नियमों के तहत सम्पूर्ण जिला हेतु आदेश पारित किया गया कि लाउडस्पीकर या लोक संबोधन प्रणाली का प्रयोग रात में 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नहीं किया जाए सिवाय जब तक कि वह भीतरी संसूचना के लिए बंद परिसर में हो, छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत अनुविभागीय दण्डाधिकारी नारायणपुर को उक्त अधिनियम के तहत स्वीकृति देने हेतु सक्षम अधिकारी घोषित किया जाता है, लाउडस्पीकर या लोक संबोधन प्रणाली का प्रयोग केवल तभी किया जाए जब सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी नारायणपुर से लिखित अनुज्ञा प्राप्त की हो, अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थाओं, न्यायालयों, छात्रावास, सरकारी कार्यालय के आसपास कम से कम 100 मीटर तक के के क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक का उपयोग नही किया जा सकेगा, निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले माइक्रोफोन एवं अन्य विस्तारक यंत्रों पर रोक रहेगी, चलित वाहन से लाउडस्पीकर के प्रयोग की अनुमति के लिए वाहन चालक तथा उपयोग में लाए जाने वाले मार्ग का विवरण आवेदक को प्रस्तुत करना होगा, वाहनों से चुनाव प्रचार की अनुमति हेतु आवेदन करने पर अनुमति प्राप्त होगी, आवेदन के साथ सक्षम प्राधिकारी से वाहन में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति भी प्राप्त करना होगा। वाहन से प्रचार करते समय अनुमति के साथ वाहन का पंजीयन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज रखना अनिवार्य होगा। तथा बिना अनुमति लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करते पाये जाने की दशा में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं वाहन जप्त कर लिया जावेगा।

---

### विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आचार संहिता तत्काल प्रभावशील

# विधान सभा निर्वाचन-2023: रायपुर जिले की सात विधानसभा के लिए मतदान 17 नवंबर को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रायपुर जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभावशील हो गई है। जिले की सात विधानसभा क्रमशः 47 धरसींवा, 48-रायपुर (ग्रामीण), 49-रायपुर (पश्चिम), 50-रायपुर (उत्तर), 51-रायपुर (दक्षिण), 52-आरंग और 53-अभनपुर के चुनाव हेतु 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगी।**



नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर और मतगणना 03 दिसंबर को की जायेगी। विधानसभा चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया 05 दिसंबर तक पूर्ण होगी। इस संबंध में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश भी दिए।

आदर्श आचरण संहिता का पालन करें- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सभी शासकीय सेवकों, राजनैतिक दलों को आदर्श आचरण संहिता का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी कर्मी निष्पक्ष रहें और निष्पक्ष भाव से चुनाव कार्य संपादित करें।

### राजनैतिक दल तथा अभ्यर्थियों के लिए साधारण आचरण

किसी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेदों को बढ़ाये या घृणा की भावना उत्पन्न करे या तनाव पैदा करे। जब अन्य राजनैतिक दलों की आलोचना की जाय, तब वह उनकी नीतियों और कार्यक्रम, पुराने आचरण और कार्य तक ही सीमित होनी चाहिए, यह भी आवश्यक है कि व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी चाहिए जिनका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो, अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं के बारे में कोई ऐसी आलोचना नहीं की जानी चाहिए जो ऐसे आरोपों पर जिनकी सत्यता प्रमाणित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गई बातों पर आधारित हो। मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं दी जानी चाहिए। मस्जिदों, गिरजाघरों, मंदिरों या पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। सभी दलों और अभ्यर्थियों को ऐसे सभी कार्यों से ईमानदारी के साथ बचना चाहिए, जो निर्वाचन विधि के अधीन ''भ्रष्ट आचरण'' और अपराध हैं- जैसे कि मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को अभित्रस्त करना, मतदाताओं का प्रतिरूपण, मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर मत संयाचना (चुनाव प्रचार) करना, मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय को खत्म होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाएं करना और मतदाताओं को सवारी से मतदान केंद्रों तक ले जाना और वहां से वापस लाना। सभी राजनैतिक दलों या अभ्यर्थियों को इस बात का प्रयास करना चाहिए कि वे प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण और विघ्नरहित घरेलू जिन्दगी के अधिकार का आदर करें चाहे वे उसके राजनैतिक विचारों या कार्यों के कितने ही विरूद्ध क्यों न हों, व्यक्तियों के विचारों या कार्यों का विरोध करने के लिए उनके घरों के सामने प्रदर्शन आयोजित करने या धरना देने के तरीकों का सहारा किसी भी परिस्थिति में नहीं लेना चाहिए।

किसी भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को झण्डा खड़ा करने, बैनर टांगने, सूचनाएं चिपकाने, नारे लिखने आदि के लिए किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते, दीवार आदि का उसकी सहमति के बिना उपयोग करने की अनुमति अपने अनुयायियों को नहीं देनी चाहिए। राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं जुलूसों आदि में बाधाएं उत्पन्न न करें या उन्हें भंग न करें। एक राजनैतिक दल के कार्यकर्ताओं या शुभचिंतकों को दूसरे राजनैतिक दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभाओं में मौखिक रूप से या लिखित रूप में प्रश्न पूछ कर या अपने दल के परचे वितरित करके गड़बड़ी पैदा नहीं करना चाहिए, किसी दल द्वारा जूलूस उन स्थानों से होकर नहीं ले जाने चाहिए जिन स्थानों पर दूसरे दल द्वारा सभाएं की जा रही हों, एक दल द्वारा निकाले गये पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ता द्वारा हटाये नहीं जाने चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

# चुनावी बिगुल बजते ही प्रशासन अलर्ट, बैनर, पोस्ट उतारे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** चुनावी बिगुल बजने के बाद नेताजी आसमान से नीचे उतर आए हैं। आचार संहिता लागू होते ही निगम प्रशासन ने शहरभर में लगे राजनीतिक पोस्टर और बैनरों को उतार दिया। चौक-चौराहों पर लगे नेताओं के पोस्टर ढंकने के साथ ही दीवार लेखन को मिटाने सहित अन्य सभी प्रकार की चुनावी सामग्री हटाने की कवायद शुरू हो गई है।

कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस संदर्भ में बैठक लेकर जिले में धारा 144 लागू कर दी है तथा अस्त्र-शस्त्र धारण करने पर प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान चुनाव प्रक्रिया में असामाजिक तत्वों द्वारा भय और आतंक का वातावरण निर्मित कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा खड़ी न की जा सके तथा मतदाताओं में किसी भी प्रकार का भय पैदा न हो। वे भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। निर्वाचन कार्यक्रम के साथ ही जुलूस आमसभा और धरना इत्यादि के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। जिले के भीतर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा तथा न ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह/व्यक्ति के विरुद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्रवाई होगी। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही पुलिस अलर्ट हो गई है। एसएसपी के निर्देश के बाद जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाइंट लगाकर सभी प्रकार के वाहनों की जांच की जा रही है। अवैध रूप से शराब परिवहन, चुनाव से संबंधित सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में भी संदिग्ध व्यक्तियों के साथ सामान की चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग, वाहनों में पेट्रोलिंग, क्राइम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग सहित 112 की टीमों द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान, सूने स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी, अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों की जांच की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की की जांच, धारदार, बटनदार चाकू रखकर घूमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने, अंदर बैठकर शराब पीने वालों की भी चेकिंग की गई।

### रावतपुरा सरकार विवि का दीक्षांत समारोह 11 को

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विवि रायपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह 11 अक्टूबर बुधवार को सुबह 11 बजे विवि के सभागार गोविंदा कल्याण मंडपम में प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण नंदन द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। उक्त अवसर पर विवि के कुलाधिपति परमपूज्य रविशंकर महाराज पद्म भूषण डॉ. वीके सारस्वत नीति आयोग के सदस्य पूर्व चांसलर जवाहर लाल नेहरू विवि दिल्ली के प्रोफेसर डीपी सिंह पूर्व यूजीसी अध्यक्ष प्रोफेसर सचिदानंद शुक्ल, कुलपति पं. रवि शंकर विवि रायपुर, डॉ. यूके मिश्रा अध्यक्ष छग निजी विवि विनियामक आयोग आशूतोष राणा फिल्म अभिनेता पद्म श्री जेएस राजपूत, एनसीटी के पूर्व अध्यक्ष शामिल होंगे। प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रो. एमपी सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में वर्तमान समय में 118 पाठ्यक्रम संचालित है। वर्ष 2021 -22 एवं वर्ष 2022-23 के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में कुल 2664 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदाय की जाएगी। साथ ही 28 शोधार्थियों को विद्यावाचस्पति (डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी) एवं 36 विद्यार्थियों को चांसलर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

---

# 75 सीटो के साथ फिर से सरकार बनाना हमारा लक्ष्य-दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्य में चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही सभी राजनितिक दलों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। प्रदेश की दोनों प्रमुख पार्टियां कांग्रेस और भाजपा अपने-अपने जीत के दावे कर रही है। एक ओर जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने इस बार सत्ता पलटने की बात कह रहे है तो वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज भाजपा के दहाई अंक तक भी नही पहुंचने की बात कर रहे है तथा कांग्रेस की 75 सीटो के साथ फिर से सरकार बनने का दावा कर रहे है।**



सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि हमारी सरकार के काम हमारी जीत के आधार है तथा हमारे काम ही चुनावी मुद्दा होंगे। कांग्रेस सरकार के कामों से राज्य की जनता के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन हुआ है। अपनी सरकार के कामों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाने का संकल्प बद्ध है। कार्यकर्ताओं की मजबूती और सरकार के पांच सालों के दम पर 75 से अधिक सीटों के साथ प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दविहीन है। इसके विपरीत कांग्रेस के पास अपनी सरकार के पांच सालों के काम की लंबी फेहरिस्त है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने किसानों, महिलाओं, मजदूरों, युवाओ के खातें मे पौने दो लाख करोड़ रूपये सीधे डालने का काम किया है। जनता का कांग्रेस के प्रति भरोसा बढ़ा है इसी भरोसे के दम पर अब की बार 75 पार का लक्ष्य पूरा होगा। राज्य का हर नागरिक चाहता है भूपेश सरकार को फिर से बनाना। कांग्रेस की सरकार ने किसानों, युवाओं, मजदूरों महिलाओं, आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये योजना बनाया और उसका प्रभावी क्रियान्वयन किया यही कारण है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ का किसान देश में अपनी फसल की सबसे ज्यादा कीमत पाता है तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से 9 से 10 हजार की इनपुट सब्सिडी किसानों को मिल रही है। देश में सबसे कम बेरोजगारी दर आधा प्रतिशत छत्तीसगढ़ की है। तथा युवाओं को 2500 रू भत्ता भी कांग्रेस की सरकार देती है। आम आदमी को राहत देने के लिये भूपेश सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना लागू किया है जिसक फायदा 44 लाख नागरिकों को हुआ उनका 4000 करोड़ का बिजली बिल कांग्रेस सरकार ने माफ कर दिया। चुनाव में कांग्रेस सरकार के काम और जनकल्याणकारी योजनाएं कांग्रेस सरकार का ब्रह्मास्त्र होगी। आने वाले चुनाव में कांग्रेस के पास बताने के लिये अपने सरकार के गौरवशाली जनहित के काम है। हमारी सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के 95 प्रतिशत वायदों को पूरा किया है। स्वामी आत्मानंद स्कूल, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, दाई दीदी क्लिनिक, हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधा योजनाओं से प्रदेश के आम आदमी का भरोसा कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि जनता, कांग्रेस सरकार बनाम भाजपा के 15 साल की तुलना कर रही है। भाजपा ने 2003 में आदिवासियों को 10 लीटर दूध वाली गाय देने का वायदा किया था, हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी का वायदा किया था, पूरा नहीं किया। कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों से किये वादों को पूरा किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पांच साल में आदिवासी वर्ग के शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के एवं कानूनी अधिकार के लिये अनेको कार्य किया। बस्तर क्षेत्र में आदिवासी के वर्ग शिक्षा के लिए 300 से अधिक बंद स्कूलों को खोला गया। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए विश्वास, विकास और सुरक्षा के नीतियों के तहत काम किया गया। रमन सरकार के दौरान दस गांवों के 1707 आदिवासी परिवार से छीनी गई 4200 एकड़ जमीन को लौटाई गई, जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों को जेल से मुक्त कराया गया। तेंदूपत्ता का मानक दर 2500 रु से बढ़ाकर 4000 रु प्रति बोरा किया गया, 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी की गई, चरणपादुका खरीदने नगद राशि दी गई, बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया।

24827 व्यक्तिगत 20,000 से अधिक सामुदायिक व 2200 वन संसाधन पट्टे वितरित किए गए, 16 लाख से अधिक हेक्टर भूमि आदिवासी वर्ग को वितरित किया गया है। 4,38,000 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 44,300 से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 2175 से अधिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को प्रदान की गई। मिलेट मिशन शुरू किया गया और बस्तर के वनोपज को देश-विदेश तक पहुँचाया गया।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# जब टूथपेस्ट का इस्तेमाल बंद कर देंगे... तो दांत पर होगा कुछ ऐसा असर, जो आपने सपने में भी नहीं सोचा होगा

हम सभी लोग जानते हैं कि दांतों को साफ करने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में हम अगर बोले कि आप दांत साफ करने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल मत कीजिए तो किसी पागलपन से कम नहीं लगेगा. ताजी सांस, हेल्दी दांत, मजबूत मसूड़े चाहते हैं तो टूथपेस्ट का इस्तेमाल बेहद जरूरी है. लेकिन हम इस आर्टिकल के जरिए आपको मार्केट वाले कोलगेट और प्रोडक्ट के बदले घर में बने हुए नैचुरल ऐसी चीजें जो आपके दांत साफ करने में आपकी मदद कर सकती है. घर में बने हुए नैचुरल दंत मंजन टाइप की चीजें आपके दांत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं.



## कॉलगेट में पाया जाने वाला फ्लोराइट से कैंसर का खतरा बढ़ता है

रिपोर्ट के मुताबिक टूथपेस्ट में फ्लोराइड होता है. जिसी पर पूरी डिबेट है. अक्सर लोग यह सवाल उठाते हैं कि यह जो तत्व है उससे कैंसर होने का खतरा बढ़ता है. हालांकि यह सच है कि समय के साथ उपयोग करने पर यह सामान्य रूप से इनेमल और दांतों को मजबूत करने में मदद कर सकता है. गर्भवती महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने पर फ्लोराइड संभावित रूप से थायरॉयड समस्याएं, प्रजनन समस्याएं, न्यूरोलॉजिकल समस्याएं और भ्रूण के विकास संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है।

## टूथपेस्ट की जगह क्या इस्तेमाल करें जो दांत के लिए अच्छा हो?

रिपोर्ट के मुताबिक घर पर अपना खुद का टूथपेस्ट बनाने के कई फायदे हैं. आप नैचुरल तरीके से घर पर ही कॉलगेट बना सकते हैं और उसमें प्लास्टिक की मात्रा होने का खतरा भी कम होता है. इसमें आप अपने हिसाब से नैचुरल तत्व भी चुन सकते हैं. स्वाद भी आप अपने हिसाब से तय कर सकते हैं. आपको अपने घर में बने टूथपेस्ट में कभी भी सिरका, हाइड्रोजन पेरोक्साइड या नींबू का रस शामिल नहीं करना चाहिए क्योंकि ये आपके इनेमल को ख़राब कर सकते हैं और आपके दांतों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## मुंह संबंधी सभी बीमारियों से निजात चाहिए तो घर में इस तरीके से बनाएं टूथपेस्ट

रिपोर्ट के मुताबिक घर पर बने टूथपेस्ट में आमतौर पर उपयोग की जाने वाली कई सामग्रियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं और बहुत स्वास्थ्यवर्धक हो सकती हैं. उदाहरण के लिए, नारियल का तेल, जिसे अक्सर ऑयल पुलिंग नामक मुंह-सफाई विधि के लिए उपयोग किया जाता है, आपके मुंह में बैक्टीरिया को मार सकता है, सांसों को ताज़ा कर सकता है, प्लाक को कम कर सकता है, कैविटी को रोक सकता है और यहां तक कि सूजन को भी कम कर सकता है. टूथपेस्ट में सेज को शामिल करना अच्छा आइडिया है यह आपके मसूड़े संबंधी बीमारी को दूर करके सूजन को कम कर सकते हैं. बेकिंग सोडा एक प्रभावी और हल्का तत्व है जो प्लाक को हटाने और दांतों को सफेद करने में मदद कर सकता है. और जबकि अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन ने इस सूची में किसी अन्य उत्पाद पर अपनी मंजूरी नहीं दी है।

# शिमरी बॉडीकॉन आउटफिट पहन मौनी रॉय ने लगाया बोल्डनेस का तड़का



बी-टाउन की हॉट अभिनेत्रियों में से एक मौनी रॉय आए दिन अनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होती ही तहलका मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की हॉट फोटोज शेयर कर लोगों के बीच लाइमलाइट लूट ली है। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं टीवी की हॉट नागिनों में से एक और बॉलीवुड की ग्लैमरस क्वीन मौनी रॉय आए दिन अपने फोटोज शेयर कर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच बवाल मचा दिया है। मौनी रॉय ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान शिमरी बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस के इस लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। मौनी रॉय अपनी इन तस्वीरों में एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, कातिलाना अंदाज, स्मोकी आई मेकअप और न्यूड लिप्सटिक लगा कर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अफनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनके चाहने वाले उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं मौनी रॉय अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करते हुए फैंस का पूरा ध्यान अपनी ओर खींचती हुई नजर आ रही है। मौनी रॉय ने अपनी इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- फिट होने में हमेशा प्रॉब्लम होती है... साथ ही एक इमोजी भी शेयर किया है।

# ऑफिस की थकान 15 मिनट में हो जाएगी गायब, रोज करें शवासन

दिनभर की थकान दूर करने के लिए हम ऐसा क्या करें कि तुरंत मानसिक और शारीरिक थकान से मुक्ति पा सकें? इस सवाल के जवाब में हेल्थ और फिटनेस एक्सपर्ट गौतम कहते हैं - शवासन कीजिए। सबसे आसान और बेहद असरदार है शवासन योग।



## मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाए

आज लगभग सभी लोग प्रेशर वाली लाइफ जी रहे हैं और मान चुके हैं कि असली जिंदगी यही है। लोग दिन-रात अपने सपनों के पीछे भाग रहे हैं और सपनों को जीने की चाह में जिंदगी जीना भूल रहे हैं। यहीं से हमारे जीवन में मानसिक तनाव हावी होने लगता है।

## अटक गया है हमारा ब्रेन

हमारा ब्रेन हर समय ज्यादा से ज्यादा पाने में अटका रहता है। हम हर समय गैजेट्स में उलझे रहते हैं। घर की जरूरतों से लेकर ऑफिस का काम तक सब कुछ टेक्नॉलजी पर निर्भर हो गया है। किसी भी चीज का उपयोग यदि अति में करते हैं तो उसके नकारात्मक प्रभाव भी हमें देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज गैजेट्स और टेक्नॉलजी हमें मानसिक रूप से बीमार बना रहे हैं।

## फोकस की कमी दूर करे

सिटिंग और कंप्यूटर बेस्ड जब होने के कारण हमें मेंटल रेस्ट नहीं मिल पाता है। यही वजह है कि हम विचलित रहते हैं, किसी भी एक काम पर फोकस नहीं रह पाते, ऐंगजाइटी बढ़ रही है। इन सभी तरह की दिक्कतों से निजात दिलाने में शवासन बहुत अधिक मददगार है।

## लाइफ में बैलंस बढ़ाता है

मानसिक रूप से थके और बेचैन रहने के कारण हम अपनी लाइफ को बैलंस नहीं कर पाते हैं। लेकिन जिंदगी को बैलंस करना जरूरी है ताकि स्ट्रेस से बचे रहें। इसमें शवासन हमारी बॉडी के लिए बहुत अधिक लाभकारी रहता है। क्योंकि शवासन की मुद्रा में हमारा पूरा फोकस अपनी श्वास पर होता है, जिस कारण हमें मानसिक शांति मिलती है। मेंटल फिजिकल और इमोशनल लेवल पर बैलंस के लिए योग बहुत अधिक आसान और इफेक्टिव तरीका है। खासतौर पर शवासन। शवासन की उत्पत्ति ही इसलिए हुई ताकि हमें रेस्ट मिल सके। प्राकृतिक रूप से हम सोते हुए भी इस अवस्था में ही होते हैं। यह मुद्रा हमारे शरीर की हर नर्व और सेल को प्रभावित करती है।

## शरीर को रिलैक्स करे

शरीर को रिलैक्स करने के लिए शवासन इसलिए जरूरी है क्योंकि यह एक ऑटो सजेशन प्रॉसेस है, जब हम अपने आपको निर्देश देते हैं कि हमें शांत होना है। ऑटो सजेशन एक पॉवरफुल प्रॉसेस है जो बिल्कुल मेडिटेशन की तरह काम करती है। शवासन हमारी शारीरिक थकान उतारता है। गर्दन दर्द, सिरदर्द, ऐंगजाइटी, कमर दर्द में राहत देता है।

## शवासन करने का तरीका

शवासन करने के लिए आप किसी शांत जगह पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। इस दौरान आपके पैरों और हाथों को शरीर से उतनी दूरी पर रखें, जितनी दूरी पर आप सहज महसूस करें।

# मां की लोरी बच्चे के लिए कितनी फायदेमंद?

चंदा है तू मेरा सूरज है तू, चंदा मामा दूर के, लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, निंदिया आ जा री, गुड़िया रानी बिटिया रानी... इस तरह की कितनी ही अनगिनत लोरियां हैं जो आपने भी अपने बचपन में अपनी मां, दादी या नानी से जरूर सुनी होगी। यही लोरियां जब बेटी, मां बनती है तो अपने बच्चे को सुनाती है। जब बच्चा छोटा होता है तो उसे प्यार भरी नींद देने के लिए मांएं सदियों से उसे बड़े प्यार से लोरी सुनाती आ रही हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कोई भी मां बच्चे को यूं ही लोरियां नहीं सुनाती बल्कि इसके पीछे कुछ कारण भी हैं और मां की यह लोरी बच्चे के फायदेमंद भी है। यहां जानें, बच्चे को लोरी सुनाने के ढेरों फायदों के बारे में....



## मां और बच्चे के बीच कनेक्शन होता है मजबूर

मां की लोरी की आवाज कानों में पड़ते ही बच्चा कब नींद की आगोश में चला जाता है पता ही नहीं चलता। मां की लोरी सुनते हुए सपनों के संसार में खो जाने का सुखद अहसास बड़े होने के बाद भी आपकी यादों में बसा रहता है। लोरी, मां और बच्चे के लिए बीच एक कनेक्शन की तरह काम करती है और दोनों को करीब लाती है। मां की लोरी की आवाज में एक तरह की कशिश होती है जो बच्चे पर जादू की तरह काम करती है। एक्सपर्ट्स भी यही कहते हैं कि लोरी के रूप में जो आवाज बच्चा लगातार सुनता है, धीरे-धीरे वह उससे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करने लगता है।

## बच्चे के दिमागी विकास के लिए जरूरी है लोरी

मां की लोरी बच्चे को एक सुखद अहसास कराती है और लोरी सुनने से बच्चे के मस्तिष्क का भी विकास होता है। दरअसल, मां की लोरी बच्चे के ब्रेन के कई हिस्सों को एक साथ उत्तेजित करती है जिससे बच्चे का दिमागी विकास होता है। इसे मेडिकल की भाषा में म्यूजिकल लर्निंग भी कहते हैं। लोरी सुनकर बच्चा अलग-अलग आवाजों के बीच फर्क करना भी सीख जाता है।

## लोरी सुनकर खत्म हो जाता है बच्चे का डर

एक्सपर्ट्स की मानें तो मां से लोरी सुनकर बच्चे के अंदर डर और किसी भी तरह के खतरे के प्रति डिफेंस और रेजिस्टेंस यानी प्रतिरोध की भावना विकसित होती है। इससे बच्चे का बौद्धिक और भावनात्मक विकास भी होता है। लोरी सुनने पर बच्चे को मां के साथ होने का एहसास होता है और यही एहसास उसे निडर बनाता है और वह धीरे-धीरे खतरों का सामना करना सीखने लगता है। इस तरह लोरी बच्चे को खुद पर भरोसा करना भी सिखाती है।

## लोरी से बच्चे को अच्छी नींद आती है

मांएं लोरी गाती है इसलिए हैं ताकि बच्चे को अच्छी और गहरी नींद आ सके। अगर बच्चा ठीक से सो नहीं पाएगा तो उसे चिड़चिड़ापन और थकान महसूस होने लगेगी। ऐसे में लोरी बच्चों के ऊपर किसी जादू की तरह असर करती है और उन्हें गहरी नींद के आगोश में भेज देती है।

## बच्चे की भाषा को मजबूत बनाती है लोरी

लोरी सुनने से बच्चे की भाषा सीखने की क्षमता बढ़ जाती है। दरअसल, जब मां हर दिन एक ही लोरी बच्चे को सोते वक्त सुनाती है तो लोरी में इस्तेमाल किए गए शब्द बच्चे को धीरे-धीरे याद होने लगते हैं और वो बाद में उन शब्दों का सही इस्तेमाल भी करना सीख जाता है। दरअसल, लोरी किसी छोटी कविता जैसी ही होती है, जिसके इस्तेमाल से बच्चे को भाषा सीखने में मदद मिलती है।

## मां के लिए भी फायदेमंद है लोरी

अमेरिका स्थित मियामी के फ्रॉस्ट स्कूल ऑफ म्यूजिक के अनुसंधानकर्ताओं की ओर से की गई एक स्टडी की मानें तो बच्चों को लोरी सुनाने से सिर्फ उनकी सेहत ही नहीं बल्कि मां की सेहत भी अच्छी रहती है। डिलिवरी के बाद न्यू मॉम्स जिस तरह के तनाव, पोस्टपार्टम डिप्रेशन और नेगेटिव बातों से जूझ रही होती हैं, लोरी की मदद से इन चीजों से ध्यान हटाने में मदद मिलती है। मां की लोरी सुनकर जब बच्चे मुस्कुराते हैं जो मां के अंदर पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है।

## बच्चे ही नहीं बुजुर्गों के लिए लोरी है फायदेमंद

म्यूजिक या लोरी किस तरह से छोटे बच्चों के लिए फायदेमंद है इस बारे में तो काफी रिसर्च हुई है। लेकिन अब वैज्ञानिक इस बात पर फोकस कर रहे हैं कि किस तरह लोरी और म्यूजिक बुजुर्गों के लिए फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, बड़ी संख्या में बुजुर्ग नींद की कमी की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में चेन्नई में हुई एक स्टडी में यह बात सामने आयी है कि लोरी या फिर इसी तरह का कोई रिलैक्सिंग म्यूजिक सुनने से स्ट्रेस हॉर्मोन्स कम होते हैं जिससे नींद अच्छी आती है।

# 'फुकरे 3' ने 11वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, 100 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म




पॉपुलर फ्रेंचाइजी 'फुकरे' की तीसरी इंस्टॉलमेंट 'फुकरे 3' ने 'जवान' की सूनामी के बीच अपनी थिएट्रिकल शुरुआत की थी और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. फिल्म दमदार शुरुआत की और पहले दिन 8.82 करोड़ रुपये की कमाई की और लगातार बढ़त बनाए रखी है. चलिए जानते हैं 'फुकरे 3' ने रिलीज के दूसरे संडे यानी 11वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है.

'फुकरे 3' ने रिलीज के 11वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है

'फुकरे 3' बॉक्स ऑफिस पर हाल ही में रिलीज हुई तमाम फिल्मों द वैक्सीन वॉर, मिशन रानीगंज और थैंक्यू फॉर कमिंग को चारो खाने चित्त कर रही है. यहां तक कि 'फुकरे 3' शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' को भी बराबर की टक्कर दे रही है. फिल्म रिलीज के पहले दिन से धुंआधार कमाई कर रही है. 'फुकरे 3' की दूसरे हफ्ते की कमाई की बात करें तो फिल्म ने दूसरे शुक्रवार 2.31 करोड़ की कमाई की थी. वहीं 'फुकरे 3' ने दूसरे शनिवार को 4.02 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं अब फिल्म की रिलीज के दूसरे संडे यानी 11वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'फुकरे 3' ने रिलीज के 11वें दिन यानू दूसरे संडे को 4.30 करोड़ की कमाई की है. इसेक बाद फिल्म की 11 दिनों की कुल कमाई अब 76.15 करोड़ रुपये हो गई है.

'फुकरे 3' बॉकस ऑफिस पर धमाल मचा रही है. ये फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के साथ रिलीज हुई थी और इसने इस फिल्म को जमकर धोया. वहीं इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज और थैंक्यू फॉर कमिंग भी रिलीज हुई थी. लेकिन ये दोनों ही फिल्में 'फुकरे 3' के आगे टिक नहीं पा रही है और वरुण शर्मा और ऋचा चड्ढा की फिल्म ने इन तमाम फिल्मों को टिकट खिड़की पर पछाड़ दिया है. फिल्म ने 75 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है और अब ये तेजी से 100 करोड़ के आंकड़े की ओर तेजी से बढ़ रही है. अब देखने वाली बात ये होगी कि ये फिल्म इस माइल स्टोन को कब पार कर पाती है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005



चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# जिन नामों को लेकर भाजपा में सिर फुटौव्वल मची थी वही प्रत्याशी बनाये गये - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राजीव भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सूची लीक हुई थी तब सूत न कपास जुलाहों में लठ्म लठ्ठा की स्थिति भाजपा में देखने मिल रही थी। भाजपा की पहली अधिकृत सूची जारी होने के बाद सभी 21 स्थानों पर घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ बगावती तेवर भाजपा के कार्यकताओं ने दिखाया, घोषित प्रत्याशियों के विरोध में धरना आंदोलन प्रदर्शन तक हुआ।**




अब भाजपा की दूसरी सूची जारी हुई है यह सूची जब लीक हुई थी तब इस सूची के बाद तो भाजपा के सारे अनुशासन के दावे खोखले साबित हो गये वरिष्ठ नेताओं के कपड़े फाडने तथा प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय नेताओं के पोस्टरों में कालिख तक पोती गयी है। भाजपा के चुनाव प्रभारी मनसुख मंडाविया तक से अभद्रता की गयी नारे बाजी की गयी। पोस्टर फड़े गये, भाजपा कार्यालय में प्रदर्शन हुआ उन्हीं सारे नामों को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। भाजपा की सूची जारी होने के बाद यह साफहो गया कि भाजपा ने घिसेपिटे चेहरों पर दांव लगाया। 15 सालों तक जनता का शोषण करने वाले जिन चेहरों की कारण जनता ने भाजपा को नकारा था उन्हीं को फिर से प्रत्याशी बनाया गया।

नान घोटाला, चिटफंड घोटाला, इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला, झलकी जमीन घोटाला, अंखफोड़वा कांड, नसबंदी कांड, स्काई वॉक घोटाले बाज सभी को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। गृहमंत्री स्कॉड बनाकर प्रदेश में वसूली करवाने वाले को भी भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। भाजपा मे लोकतंत्र समाप्त हो गया, प्रत्याशी चयन के लिये कार्यकर्ताओं से रायशुमारी नहीं की गयी, क्षेत्र में बाहरी प्रत्याशियों को थोपा गया है। भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व भी स्थानीय नेतृत्व के साथ सामंती व्यवहार कर रहा है। जिसके कारण वरिष्ठ नेता भी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे है। दिल्ली के नेता, छत्तीसगढ़ के बड़े नेताओं और कार्यकताओं को अपमानित कर रहे है जिसके कारण प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा में बगावत देखने को मिल रही है। कांग्रेस चुनाव में जाने को पूरी तरह तैयार है हमारी चुनावी पूर्ण हो चुकी है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक बार फिर से पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनायेगी। जनता जानती है कि भाजपा को वोट देने का मतलब राज्य में चल रही कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगाना। जनता को भाजपा के 15 सालों के कुशासन को भोगी है। 15 सालों के बाद जनता ने 5 सालों के कांग्रेस के जन कल्याणकारी सरकार को देख है। भूपेश सरकार के 5 सालों में हर वर्ग के लिए बनी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हुआ है। जनता फिर 75 सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनाने प्रतिबद्ध है।

जनता जानती है भाजपा को वोट देने का मतलब-धान खरीदी बंद करना, राजीव गाँधी किसान न्याय योजना बंद करना, बिजली बिल आधा बंद करना, 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री फिर बंद करना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बंद करना, आदिवासियों की जमीने फिर जबरिया छिनी जाएगी। तेंदूपत्ता की कीमत 4000 से घटकर फिर 2500 हो जायेगा। भाजपा को वोट देने का मतलब - फिर राज्य की बेरोजगारी दर 22 प्रतिशत हो जाएगी। भाजपा को वोट देने का मतलब - किसानो की जमीनो पर फिर किसी भाजपाई सत्ताधीश को कब्जा करने का मौका देना। सिंचाई के बांध और सड़क पर भाजपा नेताओं फिर से कब्जा। भाजपा को वोट देने का मतलब - चिटफंड कम्पनी बुलाकर प्रदेश के गरीब जनता को लूटने देना।

भाजपा को वोट देने का मतलब - प्रदेश के 10 हजार से अधिक गोठानों को बंद करना, क्योंकि भाजपा गौशाला के नाम पर अनुदान खाना चाहती है। रमन राज में 1667 करोड़ का गौशाला अनुदान घोटाला हुआ था। भाजपा को वोट देने का मतलब - स्वामी आत्मानंद स्कूल बंद करना। भाजपा को वोट देने का मतलब - 65 वनोपजों की खरीदी बंद करना। भाजपा को वोट देने का मतलब - 13800 राजीव युवा मितान क्लबों को बंद करना। भाजपा को वोट देने का मतलब - छत्तीसगढ़ की संस्कृति, अस्मिता, तीज-त्योहारों एवं परंपराओं को फिर से पीछे धकेलना। इसलिये लोग भाजपा को वोट नहीं देंगे।

पत्रकार वार्ता में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, अजय साहू, प्रवक्ता नितिन भंसाली, प्रकाश मणी वैष्णव, विकास बजाज, परवेज अहमद उपस्थित थे।

# जनता और भाजपा परिवर्तन के लिए तैयार- अरुण साव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान और भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी होने के बाद भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। छत्तीसगढ़ की जनता चुनाव की तारीखों की प्रतीक्षा कर रही थी। छत्तीसगढ़ की जनता और भाजपा परिवर्तन के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहली सूची में 21 प्रत्याशियों का ऐलान किया था। आज 64 प्रत्याशियों का ऐलान भाजपा ने किया है। कुल मिलाकर 90 में से 85 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। 85 प्रत्याशियों में कुल मिलाकर आदिवासी समाज से 30 प्रत्याशी मैदान में होंगे। 10 अनुसूचित जाति के प्रत्याशी हैं। 31 प्रत्याशी अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और सूची में अब तक 14 महिलाओं को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। 43 ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है जो पहली बार भाजपा के चुनाव चिन्ह पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। 50 वर्ष से कम आयु के 34 युवा प्रत्याशी हैं। भाजपा की सूची में एक तरफ जहां बड़े पैमाने पर युवा और नए प्रत्याशी हैं, वहीं अनुभवी और दिग्गज नेताओं को भी पार्टी ने मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा की परिवर्तन यात्रा से प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। परिवर्तन की हवा चल रही है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में भीड़ उमड़ी है, अपार जन समूह एकत्र हुआ है , वह यह बताता है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनना तय है जनता मतदान की तिथि का इंतजार कर रही थी। आज मतदान की तिथि का ऐलान हो गया है तो निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की खुशहाली, छत्तीसगढ़ की तरक्की, छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए, माता बहनों की सुरक्षा के लिए, किसानों की तरक्की के लिए, अनुसूचित जाति-जनजाति समाज, पिछड़ा वर्ग समाज, युवाओं की तरक्की और बेहतरी के लिए भाजपा सरकार काम करेगी।

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का गठन बांकी मोंगरा इकाई में किया गया

**कोरबा।** कोरबा जिले के बाकी मोगरा क्षेत्र अंतर्गत आज छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का बाकी मोगरा इकाई का गठन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों के सर्वसम्मति से संगठन चलाने हेतु पद प्रदान किया गया जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक के पद पर मकसूदअहमद कुरैशी,मोहम्मद अकबर अंसारी अध्यक्ष के पद पर दिवाकर नाहक उपाध्यक्ष राम प्रसाद डहरिया बबलू सचिव पद पर राजू सैनी सह सचिव पद पर विसेशर साहू कोषाध्यक्ष पर अखिलेश कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य आशीष नाहक एवं सदस्य गण उपस्थित थे। आपको बताते चले की छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ आज बेहद विषम परिस्थितियों में अपने कार्य को निर्वहन कर रहा है आप सभी जानते हैं कि रोज सुबह आप सभी के हाथों में अखबार पहुंचने का कार्य इन्हीं अखबार वितरक करने वाले वीर योद्धा के रूप में जाने जाने वाले लोग होते हैं जो ना कभी ठंड देखते हैं ना बरसात और ना ही गर्मी सभी मौसम में अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए आप सभी को अखबार के माध्यम से देश दुनिया की खबरों से आपको परिचित करवाते हैं उनकी मेहनत का फल है कि आज हम सभी अखबारों से देश दुनिया की जानकारी ले पाते हैं शासन प्रशासन को भी इनके बारे में विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए कि उनकी भी कुछ ना कुछ विशेष ज़रूरतें होती है आने वाले समय पर शासन प्रशासन भी इन अखबार वितरक योद्धाओं से शासन प्रशासन की कई विशेष मांग रहेगी यह छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ कोरबा जिले से प्रारंभ होकर पूरे प्रदेश में अपने संगठन को एकत्र करते हुए आगे कार्य करने की चेष्टा रखती है और आगे आप सभी के विश्वास पर वीर योद्धा के रूप में कार्य करने की कामना करती है।

### जनचौपाल में 43 आवेदन प्राप्त निराकरण के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

**कांकेर।** जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा लोगों की समस्या व शिकायतें सुनी गई तथा उनका विधिवत निराकरण किया जा रहा है। आज आयोजित जनचौपाल में कलेक्टर ने जनपद कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीणों से जिला कार्यालय में प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनकी समस्या व शिकायतों से अवगत हुए और समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 43 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 05, चारामा विकासखण्ड से 02, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 01, पखांजूर विकासखण्ड से 08 और नरहरपुर विकासखण्ड से 01 ने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 26 व्यक्तियों ने जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम नीष साहू, संयुक्त कलेक्टर आस्था राजपूत सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# समोदा बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 गांवों को मिलेगा पानी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** महानदी में निर्मित समोदा बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 गांवों को पानी मिलेगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने आज सोमवार को समोदा अछोला जल प्रदाय योजना का शुभांरभ किया। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि इस महती योजना के पूरा होने के बाद गांवों में पेयजल की समस्या दूर हो सकेगी।

आज सोमवार को ग्राम पंचायत अछोला में समोदा-अछोला जल प्रदाय योजना का शुभांरभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ढेलू निषाद, आनंद पटेल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर विकास कार्यों का शुभांरभ किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि समोदा अछोला जल प्रदाय योजना के तहत महानदी में निर्मित समोदा बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। जिसमें अछोला, अमलोर, जलकी, छपोराडीह, अछरीडीह, परसाडीह, लहंगर, गढ़सिवनी, अचानकपुर, पासीद, सुकूलबाय, बनपचरी, बांसकुड़ा, घोड़ारी, तेंदूवाही, बंदोरा, अछोली, भोरिंग, सिरपुर, बिरकोनी, रायमुड़ा, पिरदा, बडग़ांव, बेलटुकरी, कुहरी, बोरिद, कर्राडीह, कुकराडीह, मालीडीह, जोबा, फुसेराडीह, पीढ़ी, खट्टीडीह, तेंदूवाही, मरौद, बिरबिरा, गुडरूडीह, सेनकपाट, खिरसाली, केडियाडीह, खमतराई, मोहकम, अमावश, चुहरी, रायकेरा, नांदबारू, केसलडीह व खड़सा शामिल हैं। वहीं इस योजना के तहत ग्राम अछोला, भोरिंग व जलकी में टंकी निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध जल मुहैया होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच श्रीमती मानकी साहू, उपसरपंच योगेश यादव, अजय कुमार अग्रवाल, कमलनारायण साहू, आकाश चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, विमल धीवर, ठाकुर राम धीवर, केवल धीवर, रूपसिंग रैला, शिरोमण धीवर, कुमार रैला, भागवत साहू, मिथलेश रैला सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

विधानसभा निर्वाचन 2023 : कलेक्टर ने ली प्रेसवार्ता

# जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू, 13 अक्टूबर को अधिसूचना का होगा प्रकाशन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आम निर्वाचन की घोषणा आज कर दी गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा उपस्थित थे। क**



लेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74- डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के लिए आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74- डोंगरगढ़ की सीट अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित है। इस तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी की सीट अनारक्षित है।

कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023 को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शनिवार 21 अक्टूबर 2023 को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 23 अक्टूबर 2023 तक है। मतदान मंगलवार 7 नवम्बर 2023 को तथा मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को मंगलवार 5 दिसम्बर 2023 को पूर्ण कर लिया जाएगा। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 के बाद वर्तमान में सतत अद्यतीकरण की प्रक्रिया जारी है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74- डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी हेतु विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए तैयार की जाने वाली निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करने की कार्रवाई निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक की जाएगी, परंतु इसके लिए आवेदक को 11 अक्टूबर 2023 के पूर्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

कलेक्टर ने बताया कि विधानसभावार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 एवं मतदाताओं की संख्या 8 लाख 14 हजार 956 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 4 लाख 6 हजार 323, महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 8 हजार 627 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74- डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 270 एवं मतदाताओं की संख्या 2 लाख 9 हजार 648 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 5 हजार 600, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 4 हजार 44 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 4 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 223 एवं मतदाताओं की संख्या 2 लाख 11 हजार 407 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 705, महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 700 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 252 एवं मतदाताओं की संख्या 2 लाख 2 हजार 631 है।

इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 976 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 655 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 261 एवं मतदाताओं की संख्या 1 लाख 91 हजार 270 है। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 95 हजार 42 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 96 हजार 228 है।

# धार्मिक कथाओं का समापन नहीं, होता है विराम : रंजना साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज




**धमतरी।** ग्राम दर्री में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से विगत कई वर्षों से अखंड रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन पितृ पक्ष में करते आ रहे हैं, इस अवसर पर रामधुनी कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई एवं अखंड राम नाम जाप करने वाले रामायणी का अभिनंदन किया एवं अखिल ब्रह्मांड के नायक भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। ग्राम पंचायत सरपंच गीतेश्वरी साहू एवं ग्राम शवासियों ने विधायक का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। अतिथि उद्बोधन में विधायक रंजना साहू ने कहा कि धार्मिक कथाओं का कभी समापन नहीं होता है बल्कि विराम होता है, धर्म हमारी आस्था से जुड़ी हुई है और अनेक मानस मंडलियों के माध्यम से धार्मिक कथाओं को सुना कर धर्म प्रेमियों के आस्था और विश्वास को और अधिक बढ़ाते हैं। ग्राम दर्री में विगत कई वर्षों से रामधुनी कार्यक्रम आयोजित हो रही है जो की सराहनीय है। ग्रामीण वरिष्ठ एवं महामंत्री प्रदेश साहू संघ छ. ग. दयाराम साहू ने बताया कि जय श्री राम, जय राम, जय जय राम हमारी सनातन परंपरा संस्कृति और आस्था का केंद्र बिंदु है, एक ओर जहां जय श्री राम अभिवादन है तो वही दूसरी ओर हमारे मानव जीवन के आराध्य प्रभु है।

ग्राम पंचायत के सरपंच गीतेश्वरी निरंजन साहू ने मंच में संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक कथा अनंत है जो कि हमारे जीवन का सार है, और हमें धार्मिक आयोजन निरंतर करते रहना चाहिए और धार्मिक आयोजन में यथा योग्य सहयोग ग्रामवासियों का मिला जिसके लिए सह्दय धन्यवाद् ज्ञापित किए। विधायक रंजना साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू समाज महामंत्री दयाराम साहू ने रामधुनी प्रतियोगिता में स्थान हासिल किया मंडलियों को पुरस्कार वितरण किए।

### रमन सिंह के खिलाफ कांग्रेस करेगी चुनाव आयोग से शिकायत - शिव डहरिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। इसी बीच चुनाव की तिथि को लेकर कैबिनेट मंत्री ने छग के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया का आरोप है, कि रमन सिंह के पास चुनाव तिथि की सूची पहले से थी। उनका कहना है कि चुनाव आयोग के प्रेस कांफ्रेस से पहले रमन सिंह ने सूची दे दिया। रमन सिंह ने पहले बताया की 2 चरणों में चुनाव होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम रमन सिंह के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत करेंगे। बता दें कि आगामी विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। प्रदेश में दो चरणों में चुनाव होंगे।


















# आचार संहिता लगते ही दुर्ग पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, एसपी सहित सभी अफसर हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** चुनाव आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होते ही दुर्ग पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से निडर होकर मतदान करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च की अगुवाई खुद एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने की। वे मोटरसाइकिल में सवार होकर अन्य अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च में निकले।






इससे पहले आदर्श आचार संहिता के निर्देशों की परिपालन में जिला पुलिस बल दुर्ग द्वारा चुनाव कार्य तथा चुनाव संबंधी जारी दिशा निर्देशों का पालन करने के संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारीयों, थाना प्रभारियों एवम चौकी प्रभारी की मीटिंग ली। मीटिंग के बाद शहर के सभी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया, फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा बाइक चलाकर आम जनता को आगमी चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में निर्भीक होकर वोट करने की अपील की गई।

फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम, 7 मिलियन टन चौक, सेक्टर 6 मार्केट, प्रदर्शनी अंडर ब्रिज, सुपेला चौक, चंद्रा मौर्या चौक, 18 नंबर रोड, सुभाष चौक, जलेबी चौक, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, मटन मार्केट, कैनाल रोड, अंडा चौक छावनी चौक, पोट्टी श्री रामलू चौक, वैशाली नगर मार्केट, गदा चौक, फरीद नगर, राधिका नगर, सूर्या मॉल रोड, सूर्या मॉल चौक, स्मृति नगर, रायपुर नाका अंडर ब्रिज, मालवीय नगर, रेलवे स्टेशन, ग्रीन चौक, इंदिरा मार्केट, पटेल चौक, उतई तिराहा, केलाबाड़ी, महाराजा चौक, बोरसी तिराहा, रेलवे फाटक, कृष्ण टॉकीज, छक्कर चौक, ग्लोब चौक से वापस पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचा।

## खास-खबर



### बस ने मारी बाइक को टक्कर, युवक की मौके पर मौत; लापरवाही आई सामने

**जशपुर।** यात्री बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत खेत में जा गिरा। बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना कुनकुरी के बेलघुटरी गांव की है।

कुनकुरी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक दीपक राम पिता मुंशीराम उम्र 24 वर्ष बरांगजोर गांव से भूमरा गांव आया था। जहां से लौटते समय बेलघुटरी पोखरा के पास मोड़ में बस की चपेट में आ गया। जिस बस से दुर्घटना हुई है। उसकी जानकारी मिल गई है। चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम भेजी गई है।

थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर ने बताया कि घटनास्थल का मुआयना करने पर देखा कि ग्रामीण सड़क पर तालाब मोड़ में दोनों ओर खेत हैं। इसी सड़क पर यात्री बस ने गुजरते हुए सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यातायात नियमों के तहत हेलमेट नहीं पहनने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद भी कई लोग बाइक चलते समय हेलमेट नहीं लगाते हैं।



### आचार संहिता का पालन हो, शिकायतों पर तुरंत करें कार्रवाईः आईजी

**बिलासपुर।** आचार संहिता का पालन, शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई, शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में थाना प्रभारी, पैट्रोलिंग पार्टी को मौके पर पहुंचने में विलंब न करने की समझाइश दी। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों को रेंज स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में 11 से 14 अक्टूबर तक जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, निर्वाचन नोडल अधिकारी, डीएसबी प्रभारी, थाना चौकी में पदस्थ सभी अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें। ये बातें आइजी अजय यादव ने कही।

विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व का भलीभांति निर्वाहन कर सकें। भयमुक्त वातारण मतदाता को प्राप्त हो, इसके लिए बिलासपुर रेंज के जिलों के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण सोमवार को जल संसाधन परिसर स्थित प्रार्थना सभा भवन में आयोजित किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने कहा कि वल्नरेबल मैपिंग की कार्यवाही में सुधार करने, एफएसटी/एसएसटी टीम में लगाए जाने वाला बल प्रविधानानुसार लगाएं। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पुलिस को प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई, अवैध शराब, अवैध हथियार, गुंडा बदमाशों पर कार्रवाई, वाहन चेकिंग, स्थायी, गिरफ्तारी वारंटों की तामिली से संबंधित निरंतर करने के साथ ही मतदान केन्द्रों का भ्रमण चिन्हांकन इत्यादि की कार्रवाई करने कहा।

## रायपुर के सीएमओ कार्यालय के सामने नशेड़ी का हंगामा, गार्ड को जड़ा थप्पड़, डाक्टर से बदसलूकी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ कार्यालय के सामने नशे में धुत एक युवक ने जमकर हंगामा किया। ट्रामा सेंटर में जाने के दौरान उसने एक सुरक्षा गार्ड को थप्पड़ जड़ दिया। इमरजेंसी वार्ड में पैर में प्लास्टर नहीं करने से नाराज होकर डाक्टर से दुर्व्यवहार किया और वार्ड बाय से झूमाझटकी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित अनुराग गिरी उर्फ राजा को हिरासत में लिया। युवक के हंगामे का एक वीडिया भी वायरल हुआ है। ये पूरा मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में एक नशेड़ी ने जमकर बवाल किया है। उसने वहां मौजूद डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ समेत गार्ड को धमकाते हुए कहा कि मैं एरिया का दादा हूं, कोई पास आया तो उसकी गर्दन गिरा दूंगा। नशेड़ी की इस हरकत से अस्पताल के स्टाफ की जान बाल-बाल बची।

वीडियो में कर्मचारियों को धमकाते हुए युवक कह रहा है कि कोई यदि उसके पास आएगा तो वो उसकी गर्दन गिरा देगा। वह खुद को शक्ति कालोनी एरिया का दादा बताते हुए मौजूद गार्ड को चैलेंज करते दिख रहा है। युवक की इस हरकत से सहमे कर्मचारियों ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। मौदहापारा थाने की पुलिस ने सूचनास्थल पर पहुंचकर युवक को दबोचा।

### बाइक लेकर अस्पताल में घुसे

अस्पताल में ऐसी ही एक घटना सुबह हुई। चार युवक अपना इलाज कराने पहुंचे। उन्होंने सीधे अपनी बाइक को अस्पताल के अंदर घुसा दी। पैर में चोट की शिकायत लेकर पहुंचे युवकों ने पहले डाक्टरों से बहस की फिर अस्पताल में तोड़फोड़ करते हुए कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगे।

## आपसी विवाद पर दो लोगों को चाकू मारकर किया घायल, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

■ दुर्ग कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कोतवाली थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के बाद मारपीट कर चाकू से घायल करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले कई दिनों से पुलिस से बचता फिर रहा था। मुखबिर की सूचना पर दुर्ग पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में केलाबाड़ी दुर्ग निवासी मोह. अजहर (30) की रिपोर्ट पर दिनांक 27मई 2023 को धारा 327, 294, 506, 324, 25 ( 1बी), 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज हुआ था। वहीं दूसरे मामले में प्रार्थी शेख इदरीश (22) साकिन डिपरापारा दुर्ग की रिपोर्ट पर 14 जुलाई 2023 को थाना दुर्ग में धारा 294, 506, 323, 324, 325 भादवि, 25 ( 1बी), 27 आर्म्स एक्ट तहत मामला दर्ज हुआ था। दोनों ही मामलों में पुलिस को आरोपी की तलाश थी।



पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन में, एवं अति.पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, तथा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणीशंकर चंद्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी दुर्ग निरीक्षक महेश ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी पतासाजी टीम को रवाना किया गया। घटना के बाद आरोपी बादल सागर (22) निवासी डिपरापारा फरार चल था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पेट्रोलिंग के दौरान पटेल चौक के पास पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर उसे रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय दुर्ग पेश किया गया। इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक महेश ध्रुव, उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे, प्रधान आरक्षक अनिल सिंह राजपूत, हरीशचंद चौधरी, आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर एवं रविन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## शादी के बाद बहू को दहेज के लिए किया प्रताड़ित, ससुराल पक्ष पर अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले पति सास व ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी में नकदी समेत स्कूटी देने के बाद भी ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करते थे। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुंगेली नाका कुदुदंड निवासी उषा वर्मा पति विवेक वर्मा (25) की 17 अप्रैल 2019 को प्रेम विवाह व सामाजिक रीति रिवाज के साथ विवेक वर्मा पिता कमल किशोर वर्मा तेलीपारा नंदू गेराज गली नंबर तीन सिटी कोतवाली निवासी के साथ राधा कृष्ण मंदिर विद्यानगर में हुई थी।

पति विवेक प्रापर्टी डीलर का काम करता था। पति विवेक वर्मा, सुषमा वर्मा, ससुर कमल किशोर वर्मा, जेठ विकास वर्मा के द्वारा दहेज के नाम पर अपने मायके से दो लाख रुपये व एक्टिवा की मांग की गई थी। इसे पीड़िता द्वारा पूरी की गई थी। इसके बाद भी ससुराल वाले साल 2020 से छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद करते थे। 12 जनवरी 2023 को पीड़िता ने महिला थाना में शिकायत की। महिला परामर्श केंद्र में काउंसलिंग हुई। पुलिस की टीम ससुराल वालों को बुलाकर समझाइश दी गई। जांच करने के बाद पुलिस ने आरोपित ससुराल वालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## कालेज के फेयरवेल पार्टी में दो गुटों में बवाल, जमकर हुई हाथापाई, छात्र घायल

■ सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने शुरू की जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** एलसीआइटी कलेज द्वारा रेड डायमंड होटल में आयोजित फेयरवेल पार्टी में छात्रों के दो गुट के बीच जमकर मारपीट हो गई। एक गुट ने चाकू से दूसरे गुट के छात्र पर हमला कर दिया। इससे उस छात्र को गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर सिरगिट्टी पुलिस अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंगानगर मंगला निवासी नितिन तिवारी एलसीआइटी कालेज में बीए प्रथम ईयर का छात्र है।



उन्होंने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि सोमवार को कालेज की फेयरवेल पार्टी कार्यक्रम रेड डायमंड होटल में चल रहा था। सीनियर व जूनियर छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। शाम 4.30 बजे खाना खाकर नितिन अपने दोस्त रिषीत यादव, आयुष चन्द्रवंशी के साथ होटल से निकले। गेट के पास स्वयं सोनकर, अंकित सोनकर, ओम पांडेय, आयुष गोरख अपने अन्य साथियों के साथ खड़े थे।

खाना खाने के समय स्वयं सोनकर के साथ नाचने के दौरान धक्का-मुक्की हुई थी। इसी बात को लेकर अपने अन्य साथियों के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी और हाथ में रखे चाकू से नितिन के सीने में जानलेवा हमला कर दिया। इस बीच अंकित सोनकर, ओम पांडेय ने हाथ मुक्के से मारपीट की।बीच बचाव करने आए तो आरोपितों ने रिषीत यादव के साथ भी मारपीट की। इसके अलावा आरोपितों ने समर बोरकर की कार में तोड़फोड़ की। छीनाझपटी में नितिन के गले से सोने की चेन व रिषीत यादव के गले में सोने की चेन व मोबाइल गिर गया।

## विधवा महिला का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** सूरजपुर में नगर पालिका सूरजपुर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित अग्रसेन वार्ड के भट्ठापारा मोहल्ले में 40 वर्षीया विधवा महिला का शव संदिग्ध हालात में घर में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं पुलिस के द्वारा घटनास्थल का जायजा लेने के उपरांत हत्या होने की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

विदित है कि नगर पालिका सूरजपुर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित अग्रसेन वार्ड के भट्टापारा बस्ती निवासी सुषमा सारथी पत्नी स्वर्गीय लाल सिंह 40 वर्ष शराब बनाकर शराब बेचने का काम करती थी। साथ ही वह भी शराब पीने की शौकीन थी। उनके घर में प्रतिदिन शराब प्रेमियों के द्वारा पहुंचकर घर में बैठकर शराब का सेवन किया जाता रहा है।



विगत दो-तीन दिन पूर्व ही विश्रामपुर निवासी कोई सरदार इसके घर में आकर रुका हुआ था। वही सोमवार की सुबह छह बजे के लगभग इस घर से सरदार को निकलते आसपास के लोगों ने देखा है। पुलिस आशंका जाहिर कर रही है कि घटना में उक्त सरदार से पूछताछ करने के दौरान कुछ सुराग घटना की विवेचना करने मिल सकेगा। फिलहाल पुलिस टीम मुस्तैदी से मामले की जांच में जुटी हुई है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### दुर्ग जिला मछुवा सोसायटी विकास परिषद का गठन

**दुर्ग।** दुर्ग जिला मछुवा सोसायटी विकास परिषद का गठन ग्राम अंडा दुर्ग मे सम्पन हुआ। जिसमे दुर्ग जिला के 60 मछुवा सोसायटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे। उक्त बैठक में पाटन ,धमधा एवं दुर्ग के मछुवा सोसायटी विकास परिषद के पदाधिकारी की उपस्थिति मे सर्व सम्मित से पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन हुआ। जिसमें पाटन से केजुराम निषाद अध्यक्ष बनाये गये। महिला प्रकोष्ठ रामकुमारी धीवर (पाटन) उपाध्यक्ष दुर्ग से भागवत धीवर, सचिव राजेंद धीवर कुगदा, कोषाध्यक्ष कुशल मटियारा दुर्ग, सहसचिव भीखम धीवर पाटन मनोनित किये गये तथा तीनो तहसील से एक-एक जिला संयोजक नियुक्त किये गये जिसमें पाटन से अशोक निषाद (बटंग), दुर्ग से अरुण धीवर (कोटनी), धमधा से शुभांक धीवर (पाहंदा) मनोनित किये गये एवं संरक्षक श्यामलाल सार्वे झीठ, रूपचंद धीवर दारगांव, दासु धीवर दुर्ग को मनोनित किया गया। उक्त बैठक में धमधा परिषद से अध्यक्ष शंकर धीवर, राजकुमार धीवर, जीवन जलक्षत्री दुर्ग परिषद से अध्यक्ष वेदराम धीवर, अरुण धीवर, सुंदर निषाद पाटन परिषद से केजुराम निषाद, विष्णु रिगरी, देवलाल सपहा तुलसी, टेमन लाल, लक्ष्मण निषाद, पीताम्बर धीवर, हेमंत निषाद, रामदयाल धीवर, डोमन निषाद, वेदराम धीवर, मोतीराम, संतराम, राजेंद धीवर सहित सैकड़ो मछुवारा बड़ी संख्या में उपस्तित थे।

### भारतीय फुटबॉल टीम के सितारे अर्श का भिलाई लौटने पर हुआ स्वागत

**भिलाई।** चीन से मुकाबला कर लौटी भारतीय फुटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ में एक मात्र खिलाड़ी रहे अर्श अनवर के अपने गृह नगर भिलाई पहुंचने पर भव्य अभिनंदन किया गया। विधायक देवेंद्र यादव व अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अर्श का फूलों के साथ स्वागत किया गया। सेक्टर-5 चौक पर अर्श के परिजनों का भी विधायक देवेंद्र यादव व सोसाइटी की तरफसे फूलों से स्वागत किया गया। इस दौरान अल मदद सोसाइटी की प्रेसीडेंट अंजुम अली, सदस्यगण कौसर खान, शाहीन खान, शम्शुन खान, रुखसाना, रेहाना, फरीदा, आयशा आलम, जुल्फी, सलीम, आरिफ अब्दुल, अनवर, मौला व अन्य लोग शामिल थे।सभी ने अर्श के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आदर्श आचार संहिता प्रभावशाली

# निगम क्षेत्र में लगे राजनैतिक बेनर पोस्टर, फ्लेक्स को हटाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। केन्द्रिय चुनाव आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में विधानसभा निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में लगे राजनैतिक दलो के बेनर, पोस्टर, फ्लेक्स को निगम की टीम घूम-घूम कर संपत्ति विवरण नियम के तहत जप्ती की कार्यवाही करते हुए दीवार लेखन को मिटाया गया।**

आयुक्त रोहित व्यास ने आदर्श आचार संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण नियम को कड़ाई से लागू करने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी को निर्देश दिये, उन्होने सभी जोन आयुक्त, सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी तथा निगम के तोड़ फोड़ दस्ता को तत्काल शहर के सभी क्षेत्र से जनप्रतिनिधियों के लगे फोटो तथा राजनैतिक दलो के बेनर, पोस्टर, होल्डिंग, फ्लेक्स तथा वाल रायटिंग को हटाने को कहा।

निगम की टीम जी.ई.रोड के दोनो किनारे, पावर हाउस, सुपेला, लक्ष्मीनगर, नेहरू नगर, अवंती बाई चौक, खुर्सीपार, केम्प क्षेत्र, कोहका कुरूद, टाउनशिप क्षेत्र हुड़को सहित सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में लगे बेनर, पोस्टर, फ्लेक्स को जप्त किया तथा दीवार लेखन को गेरू से मिटाया गया। निगम के सभी कार्यालयों में लगे शासकीय योजना में जनप्रतिनिधियों के फोटो वाले पोस्टर को हटाया गया। आयुक्त रोहित व्यास ने कहा है कि निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गया है बिना अनुमति के सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में बेनर, पोस्टर, फ्लेक्स लगाना तथा दीवार लेखन,



जूलूस, रैली प्रतिबंधित किया गया है उन्होने निगम के जोन आयुक्त तथा राजस्व टीम से कहा है कि प्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण कर संपत्ति विरूपण नियम को प्रभावशील बनाये रखे।

### आयुक्त ने निगम कार्यलय का किया निरीक्षण, सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाले बैनर, पोस्टर को उतरवाया

**दुर्ग।** निर्वाचन आयोग द्वारा देश के पांच राज्यों में आगामी विधान सभा चुनाव होना है।आदर्श आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही नगर पालिक निगम अमला हरकत में आ गया। सोमवार को निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी घोषणा किए जाने के बाद नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम के साथ आदर्श आचार सहिंता का पालन करते हुए नगर निगम के कार्यलय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर कार्यालय पर सरकार की उपलब्धियां बताने वाले कई बड़े-बड़े बैनर,पोस्टर आदि भी उतरवाया गया। उन्होंने अतिक्रमण विभाग के अधिकारी को निर्देश में कहा कि सभी जगहों पर निरीक्षण कर शहर क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य चौराहों के बिजली के खंबो में सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग्स,बैनर,पोस्टर आदि प्रचार सामग्रियों को हटवाना आज ही शुरू कर करवाये।निगम सीमाक्षेत्र के अंतर्गत चर्चित जगहों पर राजनीतिक दलों के होर्डिंग को तेजी से हटाये जाने की बात कही।उन्होंने ये भी कहा कि जैसे कि सड़को, गलियों चौक चौराहों व कार्यालयों में शिलान्यास के पत्थर को ढंके की कार्रवाही करें।आज टीम अमला द्वारा शहर के सभी प्रमुख चौराहों लगी प्रचार सामग्री को अधिकारियों टीम की मौजूदगी में हटाया जा रहा है। आज सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाले होर्डिंग्स आदि को भी उतरवा दिए गए हैं।



# प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रेम प्रकाश पाण्डेय का जगह जगह स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा जोश, जीत का लिया संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय को भिलाई नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के पश्चात आज भिलाई आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

उत्साह से परिपूर्ण कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया और आगामी विधानसभा चुनाव में भिलाई में एक बार पुन: विकास का कमल खिलाने का संकल्प लिया। इस दौरान श्री पाण्डेय ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए उत्साहवर्धन किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज प्रदेश की विभिन्न विधानसभा



सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई। जिसमें भिलाई नगर से पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया गया।

प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात श्री पाण्डेय के भिलाई आगमन पर आमजनों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा खुर्सीपार गेट, संगम चौक, जोन -3 तेलघानी नाका, श्रीराम चौक, गुरूद्वारा चौक, विश्वनाथ होटल, बीएसएनएल सेक्टर -2 चौक, सेक्टर -4 चौक, 7 मिलियन चौक, बेरोजगार चौक (सिविक सेंटर, ग्लोब चौक, स्टील क्लब चौक सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। श्री पाण्डेय ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए उत्साहवर्धन किया और भिलाई में कमल खिलाने एवं शिक्षाधानी की पहचान वापस दिलाने सभी से आह्वान किया।

# आरईडी की क्वालिटी सर्किल टीम ने जीता स्वर्ण पदक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट के रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) की क्वालिटी सर्कल टीम संजीवनी ने अपनी केस स्टडी रिफ्रैक्टरीज़ के अपशिष्ट उपयोग में सुधार के लिए स्वर्ण पदक जीता।**

टीम के लीडर हरीश कुमार, डिप्टी लीडर राहुल सरकार, सदस्य- आशीष कुमार, विनय कुमार और अनिमा ओराम, फ्लोमिना एक्का के साथ, क्वालिटी कॉन्सेप्ट के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन नए वर्ष में 4 से 7 जनवरी 2024 तक नागपुर में आयोजित किया जाएगा।

आरईडी के प्रोजेक्ट एजीएम मोहम्मद साबिर,एजीएम इंद्रदीप चटर्जी, जीएम प्रशांत साहा एवं सीजीएम सुधीर कुमार के नेतृत्व में बनाया गया था। गुणवत्ता अवधारणाओं पर दो दिवसीय चैप्टर कन्वेंशन भिलाई में पूरे छत्तीसगढ़ से विभिन्न कंपनियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया था। आर. ई. डी. की क्वालिटी सर्कल टीम संजीवनी ने अपनी केस स्टडी रिफ्रैक्टरीज़ के अपशिष्ट उपयोग में सुधार के लिए स्वर्ण पदक जीता। गुणवत्ता अवधारणाओं पर दो दिवसीय चैप्टर कन्वेंशन भिलाई में पूरे छत्तीसगढ़ से विभिन्न कंपनियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया था।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक प्रतिबंध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले में रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मीणा ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 की धारा 4 का प्रयोग करते हुए जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्णत: निशिद्ध कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मीणा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहते उक्त आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दल, उनके कार्यकर्ता तथा उनसे सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति अपने दल के प्रचार-प्रसार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करते हैं। इन ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग ना केवल स्थायी रूप से होता है, वरन् विभिन्न वाहनों पर घूम-घूम कर भी किया जाता है। लाउड-स्पीकरों का ऊंची आवाज में प्रयोग करने से विद्यार्थी वर्ग, वृद्ध, दुर्बल और बीमार व्यक्ति को परेशानी होती है।

जारी आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही सक्षम अधिकारी के अनुमति के आधार पर किया जा सकेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र साधारण किस्म के एवं मध्यम आवाज पर ही लागू होगा। लोक परेशांति को देखते हुए लंबे चोंगे वाले लाउड-स्पीकरों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। वाहनों एवं चुनावी सभाओं में एक से अधिक लाउड-स्पीकर समूहों में लगाए जाना भी प्रतिबंधित किया गया है।

# कलेक्टर सहित जीवन दीप समिति के सदस्यों का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने जिला चिकित्सालय दुर्ग में जीवन दीप समिति कर्मचारियों को कलेक्टर दर भुगतान करने पर जिला कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा जीवन दीप समिति सदस्यों दिलीप ठाकुर, राहुल शर्मा, प्रशांत डोडगवकर, दुष्यंत देवांगन का शाल फल ओर प्रतीक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता, जीवन दीप समिति अध्यक्ष सरस्वती चंद्रकार ने बताया कि वर्षों से जिला अस्पताल



दुर्ग में कार्यरत जीवन दीप समिति कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय पर रखा गया था ओर उनसे नियमित कर्मचारियों के भांति कार्य लिया जाता है। कइ वर्षों के संघर्ष के बाद जिला चिकित्सालय दुर्ग के 67 कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर भुगतान किया गया है। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि स्वीपर सफाई कर्मी अंटेडेन्ट वार्ड ब्वाय चौकीदार डाटा आपरेटर आया जैसे पदो पर कर्मचारी रखे गये थे 3000 से 5000 मासिक मानदेय पर 12 से 14 घंटे कार्य करते थे। कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम सिविल सर्जन डॉ अरूण साहू ने इस बार छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की मांग को पूर्ण रूप से सहमत हो कर इन कर्मचारियों को कलेक्टर दर भुगतान करने निर्देश दिए थे।

इसमें समति सदस्यों का बडा महत्व पूर्ण योगदान रहा जिन्होंने वार्षिक बजट पर इनके भविष्य को ध्यान रखकर अनुमोदन किया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में कुल 4065 जीवनदीप समिति के माध्यम से अस्पतालों में कर्मचारी विभिन्न पदों पर रखे गये है उन्हें भी कलेक्टर दर भुगतान करने राज्य सरकार से आदेश कराने हमारा संघ प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल, प्रांतीय महामंत्री सैय्यद असलम, अश्वनी गुर्देकर, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी, मेट्रन मती बोरकर, नर्सिंग संवर्ग अध्यक्ष जैकलीन डान, चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज अध्यक्ष केशव बंजारे, सचिव खिलावन चंद्राकर, जिला महामंत्री लक्ष्मी कांत धोटे, संगठन सचिव मोहन राव, धनी राम ठाकुर, भूपेश उपाध्याय रवि ताम्रकार, संतोष गिरि प्रांतीय सचिव चेतन सिंहा मुकेश शर्मा डा विनिता धुर्वे,रमन गंधर्व, लक्ष्मी चंद, राखी राजपूत, सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिला कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने सभी राजनीतिक दलों और शासकीय अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने कहा है। कलेक्टर ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 लागू कर दी है। चुनाव संपन्न होते तक यह धारा जिले में प्रभावशील रहेगी। शस्त्र धारियों को अपना अस्त्र-शस्त्र संबंधित थाने में जमा कराने कहा गया है।**

दुर्ग जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दूक, रायफल, भाला, बरछा, लॉठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं, रैली, जूलूस एवं अन्य



स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनीतिक या अभ्यर्थी शस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा। न ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा।

यह आदेश शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लॉठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था, लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लॉठी रखना आवश्यक होता है। यह आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति/दल, भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए इस आदेश के संबंध में संबंधितों को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई सम्यक रूप से संभव नहीं है। अत: यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। निर्वाचन कार्य संपन्न होने तक दुर्ग जिले में प्रभावशील रहेगा।।

निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। निर्वाचन घोषणा होने की तिथि 9 अक्टूबर 2023 से निर्वाचन समाप्ति की तिथि के मध्य कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि शासकीय अथवा अर्धशासकीय विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनैतिक उद्देश्य से नहीं ठहर सकेंगे। न ही वहां पर राजनैतिक गतिविधियां कर सकेंगे। पात्रता अनुसार उपलब्ध होने पर उन्हें इन विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस आदि में कक्ष उपलब्ध कराया जा सकेगा, किन्तु भोजन इत्यादि की व्यवस्था नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त पात्रता अनुसार ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत् रसीद दी जाएगी। टेलीफोन हेतु अलग से रजिस्टर रखा जाएगा।

# बीएसपी के जेएलएन अस्पताल में स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह - 2023 का शुभारम्भ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में, 09 से 14 अक्टूबर तक स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह - 2023 का उद्घाटन, रेडियो-डायग्नोसिस विभाग के सहयोग से किया गया। इस स्तन कैंसर जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ, 09 अक्टूबर 2023 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में किया गया।**

इस अवसर पर अस्पताल के अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ प्रमोद बिनायके, डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर सहित सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ प्रतिभा इस्सर, डॉ लता देवांगन, रेडियो-डायग्नोसिस विभाग से वरिष्ठ सलाहकार (रेडियोलॉजी)



डॉ धीरज कुमार गुप्ता, अन्य वरिष्ठ चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरा-मेडिकल स्टाफ भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, डॉ एम रवींद्रनाथ ने वहां उपस्थित अन्य अतिथियों के साथ, स्तन कैंसर के जोखिम, उनके कारकों, लक्षणों, संकेतों, निदान और निवारक पहलुओं के बारे में विभिन्न जानकारी पर आधारित एक पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। ये जागरूकता पोस्टर, रेडियो-डायग्नोसिस विभाग द्वारा आयोजित स्तन कैंसर जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता के तहत, अस्पताल स्टाफऔर नर्सिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाए गए थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा, डॉ प्रतिभा इस्सर के मार्गदर्शन में तैयार, स्तन कैंसर पर आधारित रोगी सूचना पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। जिसके बाद पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हॉस्पिटल सेक्टर के छात्रों द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया।

सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रतिभा इस्सर ने इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन दिया। भारत में स्तन कैंसर एक प्रमुख चिंता का विषय है और सभी महिलाओं के कैंसरों का लगभग 27%, स्तन कैंसर है। हर साल लगभग 1,78,000 नए मामले सामने आते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950